कोटद्वार, गुरूवार
14 अगस्त 2025
वर्षः 47
अंकः 103 पृष्ठः 4
मूल्यः 2.00

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### हर्षिल–धराली में 24 घंटे बाद संचार सेवा सुचारू

उत्तरकाशी। मुखबा, हर्षिल और धराली में 24 घंटे संचार सेवा बाधित रहने के बाद फिर से सुचारू हो गई है। संचार सेवा ठप रहने से राहत एवं बचाव कार्यों की निगरानी में काफी दिक्कतें आ रही है। हालांकि, ऐसे वक्त में सैटेलाइट के जरिए काम चलाया जा रहा है। मंगलवार को दोपहर करीब तीन बजे डबरानी के पास ओएफसी लाइन कट होने के कारण नेटवर्क कनेक्टिविटी अवरुद्ध हुई थी। इसके चलते क्षेत्र में गए लोगों से किसी प्रकार का संपर्क नहीं हो पाया। बुधवार को दोपहर तीन बजे के आसपास नेटवर्क सुचारू होने से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। कोतवाल विनोद गुसाईं ने बताया कि सोमवार को एक युवती ने कोतवाली में आकर तहरीर दी थी। बताया कि उसकी जान पहचान आठ साल पहले जुनैद पुत्र शहीद शाह निवासी ग्राम ढकरानी से हुई थी। बताया कि आरोपी की ओर से शादी का झांसा दिया और पिछले छह साल से वह उसके साथ दुष्कर्म कर रहा है। बताया कि जिससे वह गर्भवती हो गई और एक अगस्त को उसने ढकरानी अस्पताल में बच्ची को जन्म दिया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी उस पर लगातार धर्म परिवर्तन का भी दबाब बना रहा है। बताया कि युवती के तहरीर के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच महिला दारोगा दीपा शाह को सौंपी गई है। साथ ही आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। गठित टीम ने मंगलवार देर रात आरोपी को विकासनगर बाजार क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

### उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में मूक–बधिर युवती से गैंगरेप, एनकाउंटर के बाद 2 आरोपी गिरफ्तार

बलरामपुर, उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले में एक मूक–बधिर युवती से गैंगरेप की घटना सामने आई है। 11 अगस्त की रात देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के बहादुरपुर पुलिस चौकी से महज 20 मीटर की दूरी पर युवती से 2 युवकों ने गैंगरेप किया। पुलिस ने मामले में आज सुबह एनकाउंटर के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें युवती आरोपियों से बचने के लिए भागती दिख रही है।

जहां वारदात हुई, वो इलाका जिला मुख्यालय का सबसे संवेदनशील माना जाता है। यहां से कुछ ही दूरी पर डीएम, एसपी, एडीएम और जिला जज के आवास हैं। पुलिस थाना भी केवल 20 मीटर दूर ही है। उसके बावजूद वारदात ने सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। देहात कोतवाली क्षेत्र में जिस चौकी के पास वारदात हुई, उसके आसपास के 3–4 सीसीटीवी कैमरे भी बंद थे। परिजनों ने पुलिस पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं।

## भारत–चीन के बीच सीधी उड़ान, प्रधानमंत्री मोदी का दौरा



नईदिल्ली,साल 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद भारत और चीन के संबंध बेहद खराब हो गए थे। हालांकि, अब दोनों देश धीरे–धीरे रिश्तों को सुधारने के प्रयास कर रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता में आने के बाद से ये प्रयास और तेज हो गए हैं। सितंबर से दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान शुरू हो जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने के अंत में शंघाई सहयोग संगठन की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जा रहे हैं। गलवान हिंसा के बाद उनका ये पहला चीन दौरा होगा। वहां वे चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात कर सकते हैं। इस सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी शामिल होंगे। ऐसे में भारत–चीन के साथ–साथ भारत–रूस संबंधों के लिहाज से भी ये दौरा बेहद अहम होने वाला है। खबर है कि सितंबर से भारत–चीन के बीच सीधी उड़ानें शुरू हो सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के दौरे के दौरान इसकी औपचारिक घोषणा की जा सकती है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत सरकार ने एयर इंडिया और इंडिगो जैसी एयरलाइन कंपनियों को चीन के लिए तत्काल उड़ानें संचालित करने के लिए तैयार रहने को कहा है। कोरोनावायरस महामारी के बाद से ही दोनों देशों के बीच यात्री उड़ानें बंद हैं। नवंबर, 2024 में रूस में प्रधानमंत्री मोदी और जिनपिंग की मुलाकात हुई थी। इसमें सीमा से सैनिकों की वापस पर सहमति बनी थी। ये प्रक्रिया शुरू भी हो चुकी है। पिछले साल अक्टूबर में दोनों देशों ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर गश्त को लेकर एक समझौता भी किया था।

### ऋषिकेश में अंडरग्राउंड बिजली लाइन के लिए 547 करोड़ मंजूर

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : गंगानगरी ऋषिकेश में प्रमुख बाजारों और मार्गों पर बिजली लाइन अंडरग्राउंड की जाएगी। इसके लिए केंद्र सरकार ने 547 करोड़ रुपए की मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ऋषिकेश कुंभ क्षेत्र (गंगा कॉरिडोर) में विद्युत लाइनों के भूमिगतीकरण, ऋषिकेश, हरिद्वार एवं देहरादून में विद्युत प्रणाली को स्वचालित (स्काडा) किए जाने हेतु प्रस्तावित डी.पी.आर. के सापेक्ष केंद्र सरकार से कुल 547.83 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। बिजली लाइन भूमिगत किए जाने से ऋषिकेश शहर के नागरिकों को विशेष सुविधा मिलेगी। इससे भीड़ भरे बाजारों से तारों का जाल हट पाएगा, साथ ही सड़कों बाजारों में आवाजाही भी सुगम हो पाएगी। उत्तराखंड सरकार लगातार विद्युत अवसंरचना के आधुनिकीकरण का प्रयास कर रही है। अंडरग्राउंड केबलिंग से विद्युत आपूर्ति अधिक स्थिर होगी, साथ ही आपदा और प्रतिकूल मौसम के कारण पैदा होने वाले अवरोधों से सुरक्षा मिलेगी, रखरखाव की लागत घटेगी तथा शहर का सौंदर्य भी बेहतर होगा। इस वित्तीय सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विशेष आभार।

## मुख्यमंत्री ने किया विकास कार्यों का लोकापर्ण एवं शिलान्यास




**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को देहरादून नगर निगम के अंतर्गत केदारपुरम में योगा पार्क एवं अन्य विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने एआई चैटबॉट 'निगम सारथी' लांच किया और हरित नीति के डोक्यूमेंट का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री ने पर एक पेड़ मां नाम के नाम के तहत रूद्राक्ष का पौधा रोपा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने स्वच्छता सम्मान सेनानियों और कर निरीक्षकों को सम्मानित भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारपुरम में आधुनिक योगा पार्क के जरिए हम राजधानी देहरादून में स्वास्थ्य, खुशहाली और पर्यावरण को साथ लेकर चलने की दिशा में एक और मजबूत कदम उठा रहे हैं। यह योगा पार्क आने वाले समय में शहरवासियों के लिए न केवल आकर्षण का केंद्र बनेगा, बल्कि स्वास्थ्य, फिटनेस सहित सामाजिक गतिविधियों का भी एक प्रमुख केंद्र होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को योग एवं अध्यात्म की वैश्विक राजधानी बनाने के लिए संकल्पित होकर कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य के साथ, इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेश में देश की पहली 'योग नीति' लागू कर दी गई है। साथ ही राज्य में आयुर्वेदिक एवं प्राकृतिक चिकित्सा, योग और आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए गढ़वाल और कुमाऊं मंडलों में एक-एक ''स्पिरिचुअल इकोनॉमिक जोन'' की स्थापना भी की जा रही है। सरकार का प्रयास है कि योग लोगों की जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा बनें, जिससे उनका शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास हो सके। इसी सोच के साथ केदारपुरम सहित अन्य पार्कों का निर्माण किया गया है। इस मौके पर मेयर सौरभ थपलियाल, राज्यसभा सांसद डॉ. कल्पना सेनी, विधायक उमेश शर्मा काऊ श्रीमती सविता कपूर, सचिव श्रीधर बाबू अदांकी, नगर आयुक्त देहरादून श्रीमती नमामि बंसल, पार्षदगण एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### शिलान्यास

गांधी पार्क का विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य-164.33 लाख।

नगर निगम टाउन हॉल का जीर्णाद्धार एवं हाल के अंदर और मुख्य बिल्डिंग के बाहर एफआरपी कार्य- 232.50 लाख।

### लोकार्पण

वार्ड 33 यमुना कॉलोनी में पार्क निर्माण कार्य–139.49 लाख।

वार्ड 88 हरबाजवाला में मछली तालाब का रखरखाव, वनीकरण एवं वाकिंग ट्रैक निर्माण– 170.32 लाख।

वार्ड 58 डिफेंस कॉलोनी केदारापुरम में योगा पार्क का निर्माण एवं अन्य विकास कार्य- 437.07 लाख।

## प्रशासन ने धराली में राहत सामग्री पहुंचाई



उत्तरकाशी। धराली हर्षिल क्षेत्र में आई आपदा के बाद वहां से रेस्क्यू कर लाए गए स्थानीय लोगों को प्रशासन द्वारा दैनिक जरूरत का सभी समान वितरित किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि आपदा से प्रभावित परिवारों तक दैनिक उपयोग की सभी जरूरी वस्तुएं पहुंचायी जाए। आपदा प्रभावित ऐसे लोग जो जिला मुख्यालय सहित मातली, बड़ेथी, ज्ञानसु, नेताला, गणेशपुर और भेला टिपरी आदि गांवों में प्रवास कर रहे हैं , प्रशासन द्वारा उन सभी के संबंधित पीड़ित परिवारों तक उनके घरझघर जाकर खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया जा रहा है। प्राप्त सूचना के अनुसार अभी तक कुल 171 किटों को प्रभावितों तक वितरित किया जा चुका है। वितरित की गई प्रत्येक किट में 10 किलो चावल, 5 किलो आटा, 2 किलो दाल, 2 किलो नमक, एक तिरपाल, दो थाली सहित सभी जरूरी बर्तन, रसोई का तेल और खाना बनाने की सभी सामग्री सहित दैनिक उपयोग की सभी जरूरी वस्तुएं शामिल है। उक्त सामग्री का वितरण धराली के लोगों द्वारा बनाई गई धराली जन कल्याण आपदा सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पंवार व अन्य प्रतिधियों तथा स्थानीय प्रशासन जिसमें एक पटवारी तथा दो अमीन शामिल है के माध्यम से किया गया। धराली हर्षिल आपदा प्रभावित क्षेत्रों में शासन प्रशासन द्वारा निरन्तर राहत सामग्री भेजी जा रही हैं। प्रभावित क्षेत्र में सर्च अभियान भी लगातार जारी है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य भी आपदा के बाद से मौके पर मौजूद हैं। हेली सेवा के द्वारा निरन्तर राहत और खाद्यान्न सामग्री हर्षिल पहुंचाई जा रही है। जिनका पीड़ित परिवारों को निरन्तर वितरण भी जारी है। अभी तक प्राप्त सूचनानुसार 7674 किलोग्राम जिनमें चावल, आटा, दाल, चीनी, नमक, मसाला, 446 लीटर रसोई तेल, 197 लीटर दूध , 286 खाद्यान्न पैकेट, 1646 पैकेट एनर्जी पैकेट, 50 टेंट (2 मेन), 10 टेंट (10 मेन), 1200 गमबूट, चप्पल, 80 कंबल, 200 गद्दे, 700 ट्रैकसूट, 200 सेट किचन बर्तन, 200 पेटी पानी, 80 बाल्टी–मग, 196 पेटी हाइजीन सामग्री, 16.69 कुंतल फल–सब्जियां, 13 पेटी बिस्कुट, चॉकलेट, 400 इमरजेंसी लाइट, 1562 लीटर डीजल आदि सामग्री भेजी गई है।

### दूसरे दिन भी स्थगित रही केदारनाथ यात्रा

रुद्रप्रयाग : मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए प्रशासन के निर्देशों पर दूसरे दिन भी केदारनाथ यात्रा स्थगित रही। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस द्वारा उन्हें सुरक्षित होटल-लॉज में ठहरने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि मौसम सामान्य होने पर आवाजाही शुरू कराई जाएगी। जनपद में भारी बारिश के अलर्ट को देखते हुए सुरक्षा के रूप में प्रशासन के निर्देशों पर तीन दिन के लिए केदारनाथ यात्रा रोकी गई है।

हालांकि यात्री लगातार केदारनाथ जाने का दबाव बना रहे हैं किंतु पैदल मार्ग पर भूस्खलन एवं पत्थर गिरने की संभावना को देखते हुए यात्रियों की सुरक्षा के लिए यात्रा स्थगित की है। बुधवार को सुबह से ही सोनप्रयाग और गौरीकुंड में पुलिस तैनात रही। पुलिस ने यहां आने वाले यात्रियों को मौसम अलर्ट को देखते हुए यात्रा स्थगित होने की जानकारी दी। सोनप्रयाग में करीब डेढ़ हजार यात्री केदारनाथ जाने का इंतजार कर रहे हैं जबकि सौ यात्री गौरीकुंड में भी जाने का इंतजार कर रहे हैं।

## ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द

### –सुप्रीम कोर्ट ने आत्मसमर्पण को कहा



नईदिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को ओलंपिक पदक विजेता पहलवान सुशील कुमार की जमानत रद्द कर दी है और उनको एक हफ्ते में जेल वापस लौटने को कहा है। सुशील जूनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियन सागर धनखड़ की हत्या के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद थे। उनको दिल्ली हाई कोर्ट ने 4 मार्च को नियमित जमानत दी थी। न्यायमूर्ति संजय करोल और प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने धनखड़ के पिता की याचिका पर सुशील की जमानत रद्द की है। मई 2023 में वर्चस्व की लड़ाई को लेकर दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में सुशील और अन्य साथियों ने धनखड़ पर हमला कर दिया, जिसके कुछ दिन बाद धनखड़ की मौत हो गई। उनके बीच किसी फ्लैट को लेकर विवाद था। पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में 17 दिन बिताने के बाद सुशील मुंडका से पकड़े गए। रेलवे ने उन्हें नौकरी से निकाल दिया। दिल्ली पुलिस ने 1,100 पृष्ठों के आरोपपत्र में सुशील को मुख्य आरोपी बनाया है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने घटना के 17 दिन बाद 23 मई, 2021 को सुशील को गिरफ्तार किया था। उनके साथ 18 अन्य आरोपियों भी हिरासत में लिए गए थे। पुलिस ने अपने आरोपपत्र में 155 गवाहों के साथ सुशील और अन्य आरोपियों पर हत्या, हत्या का प्रयास, दंगा, लूटपाट, डकैती, अपहरण, गैर–कानूनी जमावड़ा, जबरन घर में घुसने, गंभीर चोट पहुंचाने, और आर्म्स एक्ट सहित कई धाराओं में आरोप तय किए हैं। बीजिंग और लंदन ओलंपिक में कांस्य–रजत पदक जीत चुके सुशील ने पत्नी की पीठ की सर्जरी के लिए रोहिणी जिला कोर्ट से 4 नवंबर 2022 को 9 दिन की अंतरिम जमानत ली थी और 12 नवंबर को आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद मार्च 2023 में रोहिणी कोर्ट ने मानवीय आधार पर पिता का अंतिम संस्कार करने के लिए उन्हें 4 दिन की जमानत दी। फिर 23–30 जुलाई, 2023 तक वे घुटने के ऑपरेशन के लिए जमानत पर बाहर आए थे। सुशील ने मार्च में दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका लगाकर कहा था कि वह साढ़े 3 साल जेल में बिता चुके हैं।

## टैरिफ के घमासान के बीच पीएम मोदी की ट्रंप से हो सकती है मुलाकात!

### –अगले महीने यूएनजीए बैठक में होंगे शामिल




नई दिल्ली, संयुक्त राष्ट्र द्वारा यहां जारी वक्ताओं की सूची के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सितंबर में संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के वार्षिक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित कर सकते हैं. इस दौरान अमेरिका पीएम मोदी का अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात हो सकती है. ये सत्र 9 सितंबर को आरंभ होगा और ये 80वां सत्र है. ये बैठक 23 से 29 सितंबर के बीच होगी.

इसमें ब्राजील पारंपरिक रूप से सत्र का पहला वक्ता होगा. उसके बाद अमेरिका होगा. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप 23 सितंबर को प्रतिष्ठित यूएनजीए मंच से विश्व नेताओं को संबोधित करेंगे. व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में यह उनका संयुक्त राष्ट्र सत्र को पहला संबोधन होगा. महासभा के 80वें सत्र की उच्च स्तरीय बहस के लिए वक्ताओं की सूची के अनुसार भारत के शासनाध्यक्ष 26 सितंबर की सुबह सत्र को संबोधित करेंगे. इसी दिन इजराइल, चीन, पाकिस्तान और बांग्लादेश के शासनाध्यक्ष भी संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस को संबोधित करेंगे. पीएम मोदी इस साल फरवरी में वाशिंगटन डीसी स्थित व्हाइट हाउस में ट्रंप के साथ द्विपक्षीय बैठक के लिए अमेरिका गए थे. बैठक के बाद जारी एक संयुक्त बयान में पीएम मोदी और राष्ट्रपति ट्रंप ने 2025 की शरद ऋतु तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु–क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी. व्यापार वार्ता चल ही रही थी कि ट्रम्प ने भारत पर कुल 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया, जिसमें भारत द्वारा रूसी तेल की खरीद पर 25 प्रतिशत टैरिफ भी शामिल है जो 27 अगस्त से लागू होगा. टैरिफ पर प्रतिक्रिया देते हुए भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि देश को निशाना बनाना अनुचित और अविवेकपूर्ण है. इसमें कहा गया है कि भारत अपने हितों और आर्थिक सुरक्षा की रक्षा के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगा. पिछले सप्ताह ट्रंप द्वारा 25 प्रतिशत अतिरिक्त टैरिफ लगाने संबंधी कार्यकारी आदेश की घोषणा ऐसे समय में की गई, जब प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते के लिए छठे दौर की वार्ता के लिए अमेरिका का एक दल 25 अगस्त से भारत के दौरे पर आएगा. दोनों देश इस वर्ष शरद ऋतु (अक्टूबर–नवंबर) तक समझौते के पहले चरण को पूरा करने का लक्ष्य बना रहे हैं. संयुक्त राष्ट्र महासभा की आम बहस के लिए वक्ताओं की सूची अभी अस्थायी है और अगले कुछ हफ्तों में कार्यक्रम और वक्ताओं में बदलाव की संभावना है. इस वर्ष यह सत्र इजराइल–हमास युद्ध और यूक्रेन संघर्ष के बीच आयोजित हो रहा है. ट्रंप ने कहा है कि अपने दूसरे राष्ट्रपति कार्यकाल के छह महीनों में उन्होंने कई युद्धों को सुलझाया है.

इनमें आर्मेनिया और अजरबैजान, कंबोडिया और थाईलैंड, इजराइल और ईरान, रवांडा और कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मिस्र और इथियोपिया और सर्बिया और कोसोवो के बीच शांति समझौता शामिल है.

### जम्मू–कश्मीर के उरी में एलओसी के पास मुठभेड़ के दौरान एक जवान शहीद

श्रीनगर, जम्मू–कश्मीर में बारामूला जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास हुई मुठभेड़ के दौरान सेना का एक जवान शहीद हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुठभेड़ उरी सेक्टर के चुरंडा इलाके में 12 अगस्त को तड़के साढ़े 3 बजे हुई। सेना की ओर से अभी यह पुष्टि नहीं हुई है कि यह पाकिस्तानी सेना की बॉर्डर एक्शन टीम (बैट) का हमला था या पाकिस्तानी घुसपैठ रोकने की कोशिश में मुठभेड़ हुई थी। गोलीबारी को लेकर कोई बयान नहीं आया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 12 अगस्त की रात को पाकिस्तान से कुछ घुसपैठियों ने भारत में घुसने की कोशिश की थी, जिसको नाकाम करने की कोशिश में एक जवान की जान गई है। आशंका जताई जा रही है कि इस घुसपैठ में बीएटी का सहयोग था, क्योंकि यह सामान्य घुसपैठ से अलग माना जा रहा है और गोलीबारी में भी पाकिस्तानी सेना का समर्थन बताया जा रहा है। फिलहाल, भारतीय सेना और सुरक्षा एजेंसियां मामले की जांच कर रही हैं। तीन दिन पहले ही कुलगाम के अखल जंगलों में मुठभेड़ के दौरान लांस नायक प्रितपाल सिंह और सिपाही हरमिंदर सिंह शहीद हो गए थे, जबकि दो अन्य घायल हुए थे। सुरक्षा बलों ने ऑपरेशन अखल चलाकर 1 अगस्त से आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है।

## 15 अगस्त पर मांस की दुकानें बंद रखने पर भड़के ओवैसी

नई दिल्ली, एआईएमआईएम अध्यक्ष और हैदराबाद लोकसभा सीट से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने स्वतंत्रता दिवस पर बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद करने की कड़ी आलोचना की है और नगर निगम अधिकारियों के इस कदम को संवेदनहीन और असंवैधानिक बताया है।

हैदराबाद के सांसद ने बुधवार को एक्स पर कई नगर निगमों द्वारा जारी आदेशों की आलोचना की और मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस के बीच संबंध पर सवाल उठाया। ओवैसी ने पोस्ट किया, ऐसा लगता है कि भारत भर के कई नगर निगमों ने 15 अगस्त को बूचड़खानों और मांस की दुकानों को बंद रखने का आदेश दिया है। दुर्भाग्य से, जीएचएमसी ने भी ऐसा ही आदेश दिया है। यह संवेदनहीन और असंवैधानिक है। ऑल इंडिया मजलिस–ए–इत्तेहादुल मुस्लिमीन के अध्यक्ष ने कहा, मांस खाने और स्वतंत्रता दिवस मनाने के बीच क्या संबंध है? तेलंगाना के 99 प्रतिशत लोग मांस खाते हैं। ये मांस प्रतिबंध लोगों की स्वतंत्रता, निजता, आजीविका, संस्कृति, पोषण और धर्म के अधिकार का उल्लंघन करते हैं। जीएचएमसी ने स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी के अवसर पर मांस की दुकानों को बंद रखने के आदेश पहले ही जारी कर दिए हैं। नगर निगम ने जीएचएमसी अधिनियम, 1955 की धारा 533 (बी) के तहत यह आदेश जारी किया है। जीएचएमसी आयुक्त ने यह आदेश हैदराबाद, साइबराबाद और राचकोंडा के पुलिस आयुक्तों को भेजा है। जीएचएमसी के सभी पशु चिकित्सा अधिकारियों, सहायक निदेशकों (पशु चिकित्सा), उप निदेशकों (पशु चिकित्सा), और पशु चिकित्सा अनुभाग को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है।

## दौसा में पिकअप और कंटेनर में भीषण भिड़ंत, यूपी निवासी 11 लोगों की मौत

### –खाटूश्याम–बालाजी के दर्शन कर लौट रहे थे



दौसा ,राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार अलसुबह को हुए एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया. दौसा–मनोहपुर रोड पर बापी के पास एक कंटेनर और यात्री पिकअप की जोरदार भिड़ंत में 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, एक महिला ने एसएमएस में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया. मृतकों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है. एसएमएस अस्पताल में 8 घायल मरीजों का इलाज चल रहा है, जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है. सूचना मिलने पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. गिरधर गोयल एसएमएस अस्पताल पहुंच रहे हैं. हादसे में 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं. मृतकों में 4 महिलाएं और 7 बच्चे शामिल हैं.

दौसा जिला कलेक्टर देवेंद्र कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, बापी के पास हुए एक हादसे में 11 लोगों की मौत हो गई है. 9 लोगों को इलाज के लिए रेफर किया गया है और 3 का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है. यह दुर्घटना एक यात्री पिकअप और कंटेनर के बीच हुई है.

डीएसपी रविप्रकाश शर्मा ने बताया कि सभी लोगों ने पहले खाटूश्याम दर्शन किए. इसके बाद सालासर बालाजी के दर्शन कर घर जा रहे थे. इस दौरान बापी से पहले रोड किनारे खड़े कंटेनर में गाड़ी जा घुसी, जिसमें 7 बच्चे और 4 महिलाओं की मौत हुई है. डीएसपी ने बताया कि हादसे में सभी मृतक उत्तर प्रदेश के एटा जिले के असरौला के निवासी हैं. हादसे में मरने वालों में पूर्वी (3) पुत्री संजीव, प्रियंका (25) पत्नी संजीव, दक्ष (5) पुत्र जयप्रकाश राजपूत, शीला पत्नी जयप्रकाश, अंशु (26) पुत्र संतोष के नाम सामने आए हैं. अन्य मृतकों की शिनाख्त की जा रही है. वहीं, सीमा (23) पत्नी मनोज, मनोज (25) पुत्र लाखन, नैतिक (8) पुत्र सौरभ, प्रियंका पत्नी लाखन, रीता (26) पत्नी सौरभ, लक्ष्य (7) पुत्र सौरभ, नीरज (20) पत्नी जशवंत राजपूत, सौरभ (26) पुत्र खूबकरण राजपूत, सौरभ (32) पुत्र ज्ञान सिंह राजपूत गंभीर घायल हुए हैं. इन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया है. साथ ही चार मामूली घायलों का दौसा जिला अस्पताल में इलाज जारी है.

### बंगाली अभिनेत्री बसंती चटर्जी नहीं रहीं, 88 साल की उम्र में कैंसर से हार गईं जंग

कोलकाता,बंगाली सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री बसंती चटर्जी का कोलकाता स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। 88 साल की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया है। वे पिछले लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रही थीं और हाल के महीनों में उनका स्वास्थ्य लगातार बिगड़ता जा रहा था। बसंती का जाना सिर्फ एक कलाकार का नहीं, बल्कि एक युग का अंत है। उनके निधन से बंगाली इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। बसंती ने अपने लंबे करियर में 100 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया, जिनमें ठगिनी, मंजरी ओपेरा और आलो जैसी फिल्में शामिल हैं। सिर्फ फिल्मों में ही नहीं, उन्होंने छोटे पर्दे पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ी है। भूतु, बोरोन, दुर्गा दुर्गेश्वरी जैसे धारावाहिकों में उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब सराहा। उनका आखिरी टीवी शो गीता एलएलबी था, जिसकी शूटिंग के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। बता दें, बसंती का अभिनय सफर रंगमंच से शुरू हुआ था।

## डीआरडीओ गेस्ट हाउस प्रबंधक जैसलमेर से गिरफ्तार

### –पाकिस्तानी आईएसआई को खुफिया जानकारी भेजने का आरोप

जैसलमेर, राजस्थान के जैसलमेर में स्थित रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के एक गेस्ट हाउस प्रबंधक को जासूसी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी महेंद्र प्रसाद सिंह (32) पर पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आईएसआई को गुप्त जानकारी भेजने का आरोप है। वह उत्तराखंड का रहने वाला है। महेंद्र पर काफी नजर रखने के बाद राजस्थान पुलिस की खुफिया शाखा ने चंदन फील्ड फायरिंग रेंज के पास स्थित गेस्ट हाउस से पकड़ा है। वह संविदा पर कार्यरत है।

खुफिया शाखा के पुलिस महानिरीक्षक विष्णुकांत गुप्ता ने बताया कि अल्मोड़ा जिले के पल्यूं का रहने वाला महेंद्र 2018 से यहां कार्यरत था। स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर एजेंसियां चौकन्नी हैं। तभी 4 अगस्त को शक के आधार पर सुरक्षा एजेंसियों ने उसे हिरासत में लिया और जैसलमेर से जयपुर ले आए। लगभग 8 दिन तक लंबी पूछताछ के बाद उसने कई खुलासे किए। उसके मोबाइल से भी चौंकाने वाली जानकारी मिली है। इसके बाद उसे गिरफ्तार किया गया है। गुप्ता ने बताया कि डीआरडीओ गेस्ट हाउस पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में है। यहां महेंद्र के मोबाइल पर पाकिस्तान से संदिग्ध कॉल आने की सूचना मिली, जिसके बाद जांच शुरू की गई। महेंद्र ने मिसाइल और हथियार परीक्षण के लिए फायरिंग रेंज में आने वाले डीआरडीओ वैज्ञानिकों और सैन्य अधिकारियों की जानकारी पाकिस्तान स्थित अपने आकाओं को दी थी। यह उसने पैसे के लालच में किया था। उसके खिलाफ सरकारी गोपनीयता अधिनियम, 1923 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### चाईबासा में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच एनकाउंटर, एक नक्सली ढेर

चाईबासा, पश्चिमी सिंहभूम जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है. यह मुठभेड़ गोइलकेरा थाना क्षेत्र के सौता में हुई. इस दौरान दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग हुई. जानकारी के मुताबिक, एक नक्सली का शव बरामद हुआ है. वहीं एक एसएलआर राइफल भी बरामद हुए हैं. आईजी अभियान डॉ माइकल राज ने बताया कि चाईबासा के गोइलकेरा में मुठभेड़ चल रही है. इसमें नक्सली हताहत भी हुए हैं. सर्च अभियान अभी जारी है. बता दें कि जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है.

# सम्पादकीय

## देश को पुलिस सुधारों की सख्त जरूरत

देशभर में घटित हाल की घटनाएं स्पष्ट रूप से दर्शाती हैं कि हमें पुलिस सुधारों की सख्त जरूरत है. हाल ही में कर्नाटक, उड़ीसा और बिहार में अनेक बार वहां की पुलिस पर हमले हुए हैं. जबकि मध्य प्रदेश में भी मार्च महीने में ही छह बार पुलिस पर हमले की घटनाएं हुई हैं. पहली घटना मऊगंज की है जहां अपराधी को पकडऩे गए सहायक पुलिस उप निरीक्षक (एएसआई) रामचरण की मौत हो गई. इसके बाद इंदौर के परदेशीपुरा में होली के बाद गुब्बारे फेंकने के विवाद में वकील और राहगीरों के बीच विवाद हो गया. इस विवाद की तफ्तीश करने गए थाना प्रभारी जितेंद्र यादव को उस वकील ने और उसके साथियों ने दौड़ा–दौड़ा कर मारने की कोशिश की. इसी तरह शहडोल में महिला कांस्टेबल सहित तीन पुलिस कर्मियों पर अपराधियों की एक गैंग ने हमला कर दिया. सीहोर के इछावर में सब इंस्पेक्टर धुर्वे और दो आरक्षकों पर भी हमला हुआ. इसी तरह की घटना दमोह के हिंडोरिया में दोहराई गई,जहां थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर पर एक कुख्यात बदमाश ने फायरिंग कर दी. सागर के सुरखी में प्रधान आरक्षक पर कुल्हाड़ी से हमला किया गया. ग्वालियर और चंबल अंचल में रेत माफिया और महाकौशल से लेकर निमाड़ के बुरहानपुर नेपानगर क्षेत्र में जंगल माफिया अनेक बार पुलिस पर हमला कर चुका है. इसके विपरीत ऐसी घटनाएं भी बढ़ती जा रही हैं जहां पुलिसकर्मी खुद अपराधों में शामिल हैं. जाहिर है सभी घटनाओं का न्यायिक और प्रशासनिक दृष्टि से विश्लेषण तो करना ही होगा.

साथ ही यह भी देखना होगा कि कहीं काम की अधिकता का तनाव और अवसाद पुलिस की कार्य क्षमता को प्रभावित तो नहीं कर रहा है ? इसके अलावा पुलिस के लिए एक ऐसा मेकैनिज्म और सिस्टम तैयार करना भी एक चुनौती है जिसमें उनका कामकाज नेताओं के दखल से बचा रहे. दरअसल राजनीतिक दबाव भी पुलिस तंत्र की कार्य क्षमता को प्रभावित करता है. जब राजनीतिक दबाव की बात होती है तो इसका मतलब संबंधित राज्य के सत्तारूढ़ दल के नेताओं से होता है. वस्तुत: राजनीतिक दबाव ही वह चुनौती है, जिसकी वजह से पुलिस को कार्यक्षम बनाने के लिए उठाए गए सारे कदम धरे के धरे रह जाते हैं.जाहिर है देश में पुलिस सुधार सुधारों की बेहद जरूरत है.यह सुधार समग्र रूप से होने चाहिए. यानी जहां एक तरफ पुलिस को जनता के प्रति जवाबदेह और अपराध के प्रति कठोर बनाने की जरूरत है तो दूसरी तरफ पुलिस बल की संख्या में वृद्धि करके, उन्हें अत्याधुनिक संसाधनों से लैस और प्रशिक्षित करना तथा वेतन और सुविधाएं बढ़ाना भी उतना ही जरूरी है. इसके अलावा मध्य प्रदेश में आधे अधूरे ढंग से लागू पुलिस कमिश्नर प्रणाली की भी गंभीर समीक्षा जरूरी है. फिलहाल मध्य प्रदेश में इंदौर और भोपाल में कमिश्नर प्रणाली लागू की गई है, लेकिन इस सिस्टम के अनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं हुए हैं, जबकि देश के मुंबई,दिल्ली, कोलकाता और चेन्नई जैसे महानगरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम अपेक्षाकृत प्रभावी ढंग से काम कर रहा है. मध्यप्रदेश की कमिश्नर प्रणाली में पुलिस कमिश्नर को पूरे अधिकार नहीं दिए गए हैं. इस वजह से यह प्रणाली अपेक्षित सफलता प्राप्त नहीं कर पा रही है. कमलनाथ सरकार ने पुलिसकर्मियों को साप्ताहिक अवकाश देने का ऐलान किया था, लेकिन यह आदेश क्रियान्वित नहीं हो पाया, क्योंकि प्रदेश में पुलिस कर्मियों की संख्या राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम है. जाहिर है पुलिस की समस्याओं पर भी गंभीरता से विचार कर उनका हल निकालना होगा. दरअसल यह कठोर हकीकत है कि सुशासन की अवधारणा बिना पुलिस सुधारों के फलीभूत नहीं हो सकती. इसलिए पुलिस सुधार समय की आवश्यकता है।

# शिव के तांडव नृत्य का सिलसिला अभी भी जारी

**प्रमोद भार्गव**



भगवान भोले नाथ का गुस्सा प्रतीक रूप में मौत के तांडव नृत्य में फूटता है। देवभूमि उत्तराखंड में शिव के इस तांडव नृत्य का सिलसिला केदारनाथ में 2013 में आई प्राकृतिक आपदा के बाद से अभी भी जारी है। उत्तरकाशी जिले की खीर गंगा नदी और धराली में बादल फटने और हर्सलि के तेलगाड़ नाले में बाढ़ आने से बड़ी तबाही हुई है। धराली में 50 से ज्यादा घर, 30 होटल और 30 होमस्टे मलबे में बदल गए। जो खीर नदी 10 मी. चौड़ी थी, वह जल प्रवाह से 39 मी. चौड़ी हो गई। अतएव जो भी सामने पड़ा उसे लीलती चली गई। प्रशासन चार लोगों की मौत और 100 से अधिक लोगों के लापता होना बता रहा है। लेकिन हिमालय के बीचोंबीच बसे खूबसूरत धराली गांव में सैलाब जैसे नीचे उतरते दिखा, उससे लगता है कि मौतें कहीं अधिक हुई हैं। पल्रय इतनी तीव्रता से आई कि उसकी कान के पर्दे फाड़ देने वाली गर्जना सुनने के बाद लोगों को बचने का समय ही नहीं मिल पाया।

बादल फटना अनायास जरूर है, लेकिन ये करीब 10 किमी. व्यास की परिधि में फटने के बाद अति वृष्टि का कारण बनते हैं। 10 सेंमी. या उससे अधिक बारिश को बादल फटने की घटना के रूप में पारिभाषित किया जाता है। बादल फटने की घटना के दौरान किसी एक स्थान पर एक घंटे के भीतर उस क्षेत्र में होने वाली औसत वार्षिक वर्षा की 10 प्रतिशत से अधिक बारिश हो जाती है। मौसम विभाग वर्षा का पूर्वानुमान कई दिन या माह पहले लगा लेता है, लेकिन मौसम विज्ञानी बादल फटने जैसी बारिश का अनुमान नहीं लगा पाते।

समृद्धि, उन्नति और वैज्ञानिक उपलब्धियों का चरम छू लेने के बावजूद प्रकृति का प्रकोप धरा के किस हिस्से के गर्भ से फूट पड़ेगा या आसमान से टूट पड़ेगा, यह जानने में हम अक्षम हैं। भूकंप की तो भनक भी नहीं लगती। जाहिर है, इसे रोकने का एक ही उपाय है कि विकास की जल्दबाजी में पर्यावरण की अनदेखी न करें। ध्यान रखें कि अंततः हमारी वर्तमान अर्थव्यस्था का मजबूत आधार अटूट प्राकृतिक संपदा और खेती ही हैं। लेकिन उत्तराखंड हो या प्राकृतिक संपदा से भरपूर अन्य प्रदेश उद्योगपतियों की लॉबी जीडीपी और विकास दर के नाम पर पर्यावरण संबंधी कठोर नीतियों को लचीला बना कर अपने हित साधने में लगी हैं। विकास का लॉलीपॉप प्रकृति से खिलवाड़ का कारण बन गया है।

उत्तराखंड, उप्र से विभाजित होकर 9 नवम्बर, 2000 को अस्तिव में आया था। तेरह जिलों में बंटे इस छोटे राज्य की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 1 करोड़ 11 लाख है। 80 फीसद साक्षरता वाला यह प्रांत 53,566 वर्ग किमी. में फैला हुआ है। उत्तराखंड में भागीरथी, अलकनंदा, गंगा और यमुना जैसी बड़ी और पवित्र मानी जाने वाली नदियों के उद्गम स्थल हैं। इन नदियों के उद्गम स्थलों और किनारों पर पुराणों में दर्ज अनेक धार्मिक–सास्कृतिक स्थल हैं। इसलिए इस भूभाग को धर्म–ग्रंथों में देवभूमि कहा गया है। यहां के वनाच्छादित पहाड़ अनूठी जैव–विविधता के पर्याय हैं। तय है कि उत्तराखंड प्राकृतिक संपदाओं का खजाना है। इसी बेशकीमती भंडार को सत्ताधारियों और उद्योगपतियों की नजर लग गई है, जिसकी वजह से पल्रय जैसे प्रकोप बार–बार इस देवभूमि में बर्बादी की आपदा बरसा रहे हैं।

उत्तराखंड की तबाही की इबारत टिहरी में गंगा नदी पर बने बड़े बांध के निर्माण के साथ ही लिख दी गई थी। बांध के निर्माण में विस्फोटकों के इस्तेमाल ने धरती के अंदरूनी पारिस्थितिकी तंत्र के ताने–बाने को खंडित कर दिया। विद्युत परियोजनाओं और सड़कों का जाल बिछाने के लिए भी धमाकों का अनवरत सिलसिला जारी रहा। अब यही काम रेल पथ के लिए सुरंगें बनाने में सामने आ रहा है। विस्फोटों से फैले मलबे को भी नदियों और हिमालयी झीलों में ढहा दिया जाता है। नतीजतन, नदियों का तल मलबे से भर गए हैं। परिणामस्वरूप इनकी जल ग्रहण क्षमता नष्ट हुई और जल प्रवाह बाधित हुआ। अतएव जब भी तेज बारिश आती है तो तुरंत बाढ़ में बदल कर विनाशलीला में तब्दील हो जाती है।

बादल फटने के केदारनाथ और अब धराली जैसे परिणाम निकलते हैं। उत्तरकाशी, जोशीमठ में तो निरंतर बाढ़ और भू–स्खलन देखने में आ रहे हैं, इस क्षेत्र के सैकड़ों मकानों में भूमि धसकने से बड़ी–बड़ी दरारें आ गई हैं। भू–स्खलन के अलावा इन दरारों की वजह कालिंदी और असिगंगा नदियों पर निर्माणाधीन जल विद्युत और रेल परियोजनाएं भी हैं। उत्तराखंड जब स्वंतत्र राज्य नहीं बना था, तब इस देवभूमि क्षेत्र में पेड़ काटने पर प्रतिबंध था। नदियों के तटों पर होटल नहीं बनाए जा सकते थे। निजी आवास बनाने तक पर रोक थी।

लेकिन उत्तर प्रदेश से अलग होने के साथ ही केंद्र से बेहिसाब धनराशि मिलना शुरू हो गई। इसे ठिकाने लगाने के नजरिए से स्वयंभू ठेकेदार आगे आ गए। उन्होंने नेताओं और नौकरशाहों का एक मजबूत गठजोड़ गढ़ लिया और नये राज्य के रहनुमाओं ने देवभूमि के प्राकृतिक संसाधनों की लूट की खुली छूट दे दी। दवा कंपनियां औषधीय पेड़–पौधों और जड़ी–बूटियों के दोहन में लग गई हैं। भागीरथी, खीरगंगा और अलंकनदा के तटों पर बहुमंजिला होटल और आवासीय इमारतों की कतार लग गई है। पिछले 25 साल में राज्य सरकार का विकास के नाम पर प्रकृति के दोहन के अलावा कोई उल्लेखनीय काम नहीं है। जबकि इस राज्य का निर्माण का मुख्य लक्ष्य था कि पहाड़ से पलायन रुके। रोजगार की तलाश में युवाओं को महानगरों की ओर ताकना न पड़े। लेकिन 2011 में हुई जनगणना के जो आंकड़े सामने आए हैं, उनके अनुसार पौढ़ी–गढ़वाल और अल्मोड़ा जिलों की तो आबादी ही घट गई है। तय है, क्षेत्र में पलायन और पिछड़ापन बढ़ा है।

विकास की पहुंच धार्मिक स्थलों पर ही सीमित रही है, क्योंकि इस विकास का मकसद महज श्रद्धालुओं की आस्था का आर्थिक दोहन रहा था। यही वजह रही कि उत्तराखंड के 5 हजार गांवों तक पहुंचने के लिए सड़कें तक नहीं हैं। खेती आज भी वर्षा पर निर्भर है। उत्पादन बाजार तक पहुंचाने के लिए परिवहन सुविधाएं नदारद हैं। तिस पर भी छोटी–बड़ी प्राकृतिक आपदाएं कहर ढाती रहती हैं। इस प्रकोप ने तो तथाकथित आधुनिक विकास को मिट्टी में मिला कर जल के प्रवाह में बहा दिया है। ऐसी आपदाओं की असली चुनौती इनके गुजर जाने के बाद खड़ी होती है, जो अब जिस भयावह रूप में देखने में आ रही है, उसे संवेदनशील आंखों से देखा जाना भी मुश्किल है।

# गिल तारीफ के काबिल

भारतीय क्रिक्रेट अब रोहित और विराट के युग से आगे निकल कर गिल और गंभीर के युग में प्रवेश कर गई है। भारतीय युवा टीम ने इस कारनामे को शानदार ढंग से अंजाम दिया है।उन्होंने एंडरसन–तेंदुलकर टेस्ट सीरीज के ओवल में खेले आखिरी टेस्ट को जिस तरह से जीता है, उससे अहसास हो गया है कि टीम की कमान सही हाथों में है। सीरीज की शुरुआत से पहले रोहित शर्मा, विराट कोहली और अश्विन के संन्यास लेने पर कहा जा रहा था कि युवा टीम की यह मुश्किल परीक्षा है। पर इस यंग ब्रिगेड न सिर्फ इस परीक्षा को उम्दा अंदाज में पास किया है, बल्कि यह भी जता दिया है कि आने वाले दिनों में वह क्या करने वाले हैं। असल में चौथे टेस्ट को जिस तरह हार के कगार से बचा कर टेस्ट ड्रा कराया और फिर ओवल टेस्ट को जीतने से टीम का डीएनए क्या है, यह पता चलता है। इस यंग टीम की सबसे बड़ी खूबी यह दिख रही है कि वह मुश्किल से मुश्किल हालात में भी समर्पण करने में विश्वास नहीं रखती। टीम की यह सोच टेस्ट क्रिक्रेट में नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है।

बहुत संभव है कि कप्तान शुभमन गिल से कुछ मौकों पर फैसलों में चूक हुई हो पर उन्होंने जिस तरह से भारतीय गेंदबाजों को अपना बेस्ट देने के लिए प्रेरित किया और टीम को महत्त्वपूर्ण मौकों पर एकजुट रखा, उससे लगता है कि वह विराट और रोहित की तरह टेस्ट टीम को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा सकते हैं। गिल इसलिए भी तारीफ के काबिल हैं कि उनकी सेना देशों में इससे पहले प्रदर्शन कोई बहुत अच्छा नहीं था और कप्तानी की जिम्मेदारी मिलने पर उनका प्रदर्शन बिखर भी सकता था। पर उन्होंने अपने प्रदर्शन से हैरत में ही नहीं डाला बल्कि यह भी दिखाया कि कप्तानी का उनके ऊपर कोई दवाब नहीं है। इस सीरीज ने टेस्ट क्रिक्रेट को पांच दिनों का ही रखने की सोच को बल दिया है। असल में पिछले कुछ सालों में कई टेस्ट तीन–चार दिन में खत्म हो जाने पर टेस्ट मैचों को चार दिन का करने की चर्चा चलने लगी थी। पर इस सीरीज ने दिखाया कि दोनों टीमों में लड़ने का माद्दा हो और उन्हें अच्छे विकेट मुहैया कराए जाएं तो पांच दिनों तक टेस्ट में रोमांच बना रह सकता है। इस सीरीज के जिन चार टेस्ट मैचों में परिणाम निकला है, वे सभी चार दिन का टेस्ट होने पर ड्रा हो जाते। साथ ही, भारत और इंग्लैंड, दोनों ने ही बेहतरीन क्रिक्रेट खेल कर दिखाया कि टेस्ट क्रिक्रेट का कोई सानी नहीं है।

## टैरिफ वॉर का दांव

अपने दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ वॉर का दांव चल कर दुनिया के तमाम देशों को निशाने पर ले रहे हैं। भारत पर पच्चीस फीसद टैरिफ लगाने का फैसला पहले ही सुना चुके हैं। अब चौबीस घंटों के भीतर इससे कहीं ज्यादा टैरिफ लगाने की उनकी घोषणा एक और चेतावनी है। ट्रंप ने भारत के रूस से तेल खरीदने को वॉर मशीन की मदद करने सरीखा बताया है। भारत ने तत्काल इसे तर्कहीन बताया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि अमेरिका भी रूस से परमाणु उद्योग के लिए यूरेनियम, हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन इंडस्ट्री के लिए पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है। कड़े प्रतिबंधों के बावजूद अमेरिका ने तकरीबन साढ़े तीन अरब डॉलर का रूसी गुड्स ट्रेड किया है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया कि वैश्विक बाजार को स्थिर करने के लिए अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीदते रहने को प्रोत्साहित किया गया था। मोदी को मित्र बता कर गलबहियां करने वाले ट्रंप के बदलते तेवर कूटनीतिक रूप से हताशा भरे माने जा सकते हैं। उन्होंने भारत को अच्छा व्यापारिक साझेदार न बता कर संदेह को भी बढ़ाने का काम किया है। रूस से सिर्फ तेल खरीद ही असल मुद्दा नहीं है। अमेरिका को भारत का रूसी सैन्य उपकरण लेना भी अखरता रहा है। अमेरिका के दबदबे को घुड़की देकर भारत ने वैश्विक समुदाय के समक्ष पश्चिमी देशों की पाखंड वाली नीति पर प्रश्न चिह्न लगाने में भी गुरेज नहीं किया। यूक्रेन में रूस के खिलाफ प्रॉक्सी वॉर कर रहे गुटों की बात की जाए या व्यापार की तो इसकी किसी पारदर्शी योजना का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। साल के अंत में रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा संभावित है। तब भी अमेरिका अपनी आक्रामकता पर काबू करने में विफल रहने वाला है।

# खरीफ फसलों में इस बार बाजरा का उत्पादन गिरेगा ,किसान बेहाल, परेशान

**अजय दीक्षित**

भारत में खरीफ फसलों के रूप में बाजरा मूंग, उड़द, सोयाबीन, रागी,आदि मानसून सीजन में होती हैं। लेकिन इस बार अत्यधिक बारिश और बाढ़ चलते विशेषकर उत्तर भारत,में उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात,में बाजरा की फसल लगभग समाप्त हो गई है।भारत में लगभग 80 लाख हैक्टेयर भूमि में यह फसल उगाई जाती है जिसमें राजस्थान में सर्वाधिक 42 लाख हैक्टेयर, उत्तर प्रदेश में 22 , मध्य प्रदेश में 9.5 और गुजरात 10 लाख हैक्टेयर भूमि

बाजरा की बोवनी होती हैं। तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, ओडिशा,को मिलकर 118000 से अधिकतम 1300 मीट्रिक टन का उत्पादन किया जाता है।इस बार किसान 15 जून के आसपास तीव्र मानसून आने के कारण राजस्थान, गुजरात, मध्य, उत्तर प्रदेश में या तो फसल की बोवनी नहीं कर पाए या बोवनी हो भी गई तो लगातार बारिश कारण फसल गल गई। बाजरा एक ऐसी फसल है जो बहुत कम पानी में हो जाती है।चंबल क्षेत्र में कहावत है कि बाजरा के तो कान में भी पानी की कुछ बूंदे चली जाय तो फसल हो जाएगी। बाजरा उन्हीं इलाकों की फसल थी जहां सिंचाई के साधन नहीं थे। ब्रिटिश गजट में उल्लेख है कि 1912 में उत्तर भारत में बाजरा जोए, मूंग, रागी, उड़द,ग्वार, मूंगफली की खेती होती थी।1912 में जब भयंकर सूखा पड़ा तो लोगों के पास अनाज नहीं था। और 30 की आबादी इस सूखे के चलते काल के गाल में समा गई थी।इसी प्रकार 1930 का सूखा ऐसा पड़ा था कि गुजरात में अनाज के बदले अपने गहने, बच्चे बेच दिए थे जो बालिग थे।

**चंबल क्षेत्र में कहावत है कि बाजरा के तो कान में भी पानी की कुछ बूंदे चली जाय तो फसल हो जाएगी। बाजरा उन्हीं इलाकों की फसल थी जहां सिंचाई के साधन नहीं थे। ब्रिटिश गजट में उल्लेख है कि 1912 में उत्तर भारत में बाजरा जोए, मूंग, रागी, उड़द,ग्वार, मूंगफली की खेती होती थी।1912 में जब भयंकर सूखा पड़ा तो लोगों के पास अनाज नहीं था। और 30 की आबादी इस सूखे के चलते काल के गाल में समा गई थी।इसी प्रकार 1930 का सूखा ऐसा पड़ा था कि गुजरात में अनाज के बदले अपने गहने, बच्चे बेच दिए थे जो बालिग थे।**

### बाजरा उत्तर भारत का ऐसा अनाज है जो साल भर चलता है

उसी के साथ दालें भी होती हैं।किसान का मुख्य भोजन इन चीजों से ही बनता है। सबलगढ़ मध्य प्रदेश के गरीब किसान मनीष रावत कहते हैं कि इस बार पशुओं के लिए चारा के भी लाले पड़े हैं। बाजरा मूंग उड़द अति वर्षा के कारण नष्ट हो गई है। बाजरा की फसल मनुष्यों से तो जुड़ी हुई है लेकिन यह पशुओं का हरा चारा भी है। सितंबर से फरवरी तक पशुओं को बाजरा की करब ही चुनी में मिलकर दी जाती है

दुधारू गायों,भैंसों को घास के साथ , बाजार के अतिशेष भी दिए जाते हैं।बाजरा मध्य जून में वो कर 80 से 90 दिन में काटा जा सकता है।यानी आषाढ़ से कुंवार माह में हो जाता है।

आजादी के बाद और कुछ इलाकों में अंग्रेजों ने भी सिंचाई परियोजना बांध निर्माण किए।मगर आजादी के बाद प्रथम प्रधानमंत्री स्व जवाहर लाल नेहरू के नेतृत्व में रावी व्यास, सतलुज,सिंध,चंबल,गंगा,यमुना, गोमती, कावेरी कृष्णा गोदावरी, नर्मदा, बेतवा, केन, पार्वती, महानदी, दामोदर वैली, गांधी सागर, हीराकुंड, बांध निर्माण किए गए। इनमें से लाखों किलोमीटर नहर बनाई गई।जो भारत में हरित क्रांति का कारण बने।किसान रवि की फसल भी लेने लगे हैं। कनाडा विश्व का सबसे बड़ा कृषि हब है। लेकिन वहां की सरकार किसानों को बीज,खाद,पानी, वेयरहाउस, मुफ्त में देती है। लेकिन अपने देश में अभी वह समय नहीं आया है।

लेकिन इस बात गरीब कम रकबे वाला किसान संकट में है उसकी फसल अति वर्षा के कारण नष्ट हुई है और साथ खाद बीज भी आर्थिक चोट दे गया है यद्यपि केंद्र सरकार 80 करोड़ आबादी को खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है।किसानों की बाजिव मांगो को कोई किसान संगठन नहीं उठता क्योंकि इन मांगो में किसान माफिया को कुछ लाभ नहीं होता है वे तो बस एम एस पी बढ़ाने की मांग करते हैं ताकि किसानों से सस्ती दरों पर फसल खरीद सकें और सरकार को एम एस पी पर बेच सकें।

# जॉली एलएलबी 3 का पहला पोस्टर जारी




अक्षय कुमार का नाम उन अभिनेताओं में शुमार है, जो एक साल में सबसे ज्यादा फिल्में करते हैं। आने वाले समय में अक्षय कई बड़ी फिल्मों में नजर आएंगे। इन्हीं में से एक है जॉली एलएलबी 3। यह इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसका दर्शक बड़ी ही बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब आखिरकार फिल्म जॉली एलएलबी 3 का पहला पोस्टर सामने आ गया है, जिसमें अक्षय और अरशद वारसी की झलक दिख रही है।

स्टार स्टूडियो ने सोमवार को जॉली एलएलबी 3 का फर्स्ट लुक जारी करते हुए इसके टीजर की रिलीज डेट का खुलासा किया है. पोस्टर में अक्षय और अरशद वारसी वकील के पोशाक में, एक दरवाजे से एक साथ अंदर घुसने की कोशिश करते हुए दिखाई दे रहे हैं.

इस बीच वह एक–दूसरे को रोकने की भी कोशिश कर रहे हैं. दोनों के हाथों में कानूनी दस्तावेज भी हैं. दरवाजा एक अदालत की है, जैसा कि ऊपर लगे एक छोटे से बोर्ड से पता चलता है. इस पोस्टर को साझा करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा है, केस नंबर 1722 की याचिका हुई मंजूर. एडवोकेट जॉली और एडवोकेट जॉली हाजिर हो. जॉली एलएलबी 3 का टीजर 12 अगस्त को रिलीज किया जाएगा, वहीं यह फिल्म 19 सितंबर, 2025 को दर्शकों के बीच आएगी।

## राष्ट्रमंडल खेल 2030 की मेजबानी के लिए बोली लगाएगा भारत, भारतीय ओलंपिक संघ ने दी मंजूरी

नईदिल्ली, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बुधवार को नई दिल्ली में हुई विशेष आम बैठक में राष्ट्रमंडल खेलों 2030 की मेजबानी के लिए देश की बोली को औपचारिक मंजूरी दे दी। भारत पहले ही अहमदाबाद को मेजबान शहर प्रस्तावित करते हुए रुचि–प्रस्ताव जमा कर चुका है। अब 31 अगस्त की अंतिम तारीख तक देश को अपनी अंतिम बोली पेश करनी होगी। अगर मंजूरी मिलती है तो यह भारत के लिए एक बड़ा खेल आयोजन साबित होगा। कनाडा के दौड़ से हटने के बाद भारत के राष्ट्रमंडल खेलों 2030 की मेजबानी पाने की संभावना बढ़ गई है। हाल ही में राष्ट्रमंडल खेलों के गेम्स डायरेक्टर डैरेन हॉल के नेतृत्व में एक टीम अहमदाबाद पहुंची थी, जहां उन्होंने प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया और गुजरात सरकार के अधिकारियों से मुलाकात की थी। इस महीने के अंत में राष्ट्रमंडल खेलों का एक बड़ा दल फिर से अहमदाबाद आ सकता है, जो मेजबानी की संभावनाओं को और मजबूत करेगा।

# पाकिस्तान 92 पर हुआ ढेर, 34 साल बाद वेस्टइंडीज ने जीती वनडे सीरीज



नईदिल्ली, पाकिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का तीसरा और निर्णायक मैच मंगलवार, 12 अगस्त को ब्रायन लारा स्टेडियम में खेला गया. जिसमें पाकिस्तानी टीम 294 रनों के जवाब में 29.2 ओवर में 92 रनों पर ढेर हो गई. जिसके साथ वेस्टइंडीज 34 साल बाद पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज जीतने में कामयाब हो गया.294 रनों का पीछा करते हुए पाकिस्तान महान खिलाड़ी मोहम्मद रिजवान शून्य, बाबर आजम 9 बनाकर पवेलियन लौट गए. इसके अलावा दोनों ओपनर साइम अयूब और अब्दुल्ला शफीक भी खाता नहीं खोल सके. उसके बाद निचले क्रम में हसन अली और अबरार अहमद भी बिना कोई रन बना पवेलियन लौट गए. जिसकी वजह से पाकिस्तान को 202 रनों से हार का सामना करना पड़ा. पाकिस्तान 9वें ओवर में 23 के स्कोर पर ही अपने 4 विकेट खो दिया था. जिसमें उसके शीर्ष 3 बल्लेबाज शून्य पर आउट हो गए. जिसके बाद पाकिस्तान खुद को संभाल नहीं सका और 92 पर ही ढेर हो गया. सलमान आगा (30) और हसन नवाज (23 रन) टॉप स्कोरर रहे. वेस्टइंडीज की ओर से जीडन सील्स ने 7.2 ओवर में 18 रन देकर 6 विकेट लिए. सीरीज में शानदार गेंदबाजी करने की वजह से उन्हें प्लेयर ऑफ दि मैच का अवॉर्ड दिया गया.

# सैयारा फेम फहीम अब्दुल्ला का गाना बिछड़ना रिलीज




आदिल जफर खान और रीम शेख का नया गाना बिछड़ना सोशल मीडिया पर रिलीज हो गया है। इस गाने में किसी अपने के दूर हो जाने के दर्द की झलक है। गाना प्यार, तड़प और दिल टूटने की कहानी को बहुत ही खूबसूरती से दिखाता है। इसमें रिश्ते की गहराई और दर्द को महसूस किया जा सकता है। यह गाना प्यार और दिल टूटने के बीच की नाजुक भावना को दिखाता है। सैयारा फेम फहीम अब्दुल्ला ने बिछड़ना गाया है। इस गाने के बारे में बात करते हुए फहीम ने कहा, यह गाना उस वक्त बना, जब मैं बहुत भावुक और उलझे हुए पलों से गुजर रहा था। सुर, बोल और भावनाएं, सब कुछ एक ही बार में निकलकर सामने आई। इस गाने को सभी को सुनना चाहिए। फहीम ने आगे कहा कि वे भूषण कुमार और टी–सीरीज की टीम के शुक्रगुजार हैं, जिन्होंने इस गाने को पूरी आजादी और जगह दी, ताकि यह लोगों के दिल तक वैसा ही पहुंचे जैसा वे चाहते थे। टी–सीरीज ने इंस्टाग्राम पर इस गाने को पोस्ट किया और कैप्शन में लिखा, अगर आपने कभी कठिनाइयों के बावजूद किसी से सच्चा प्यार किया है, तो ये गाना आपके लिए है। बिछड़ना गाना अब रिलीज हो चुका है। फहीम अब्दुल्ला, जिन्होंने पहले सैयारा जैसे सुपरहिट गाने से लोगों का दिल जीता, अब बिछड़ना गाने के जरिए एक बार फिर शानदार वापसी कर रहे हैं।

## उफ्फ ये लव है मुश्किल की कैरी से मेरा खास जुड़ाव: आशी सिंह

अभिनेत्री आशी सिंह इन दिनों उफ्फज् ये लव है मुश्किल के जरिए दर्शकों का मनोरंजन कर रही हैं। इस शो में वह कैरी शर्मा का किरदार निभाती नजर आ रही हैं। अपने किरदार को लेकर उन्होंने कहा कि वह अपनी भूमिका कैरी से एक खास जुड़ाव महसूस करती हैं। से बात करते हुए आशी ने कहा, मैंने अब तक जो भी रोल निभाए हैं, वे सब अलग–अलग तरह के हैं, और यह नया किरदार भी उन सबसे अलग है। उन्होंने आगे कहा, जब लोग मुझसे पूछते हैं कि मैं किसी किरदार से कैसे जुड़ती हूं, मैं आमतौर पर अपने किसी भी किरदार से ज्यादा जुड़ाव महसूस नहीं करती। लेकिन कैरी मेरा पहला ऐसा किरदार है जिससे मैं खास जुड़ाव महसूस करती हूं। वह कुछ हद तक मुझ जैसी है, जिस तरह वह बोलती है और चलती है। वह मुझे बेहद पसंद है। उन्होंने आगे कहा, जो भी कैरी करती है, मैं भी वैसा ही करती हूं। वह बहुत भावुक है, अपनी फीलिंग्स को अच्छे से दिखाती है, और मैं भी ऐसी ही हूं।

# शुभमन गिल ने जीता आईसीसी का बड़ा अवॉर्ड, बेन स्टोक्स–वियान मुल्डर को छोड़ा पीछे



नईदिल्ली, हाल ही में खत्म हुई इंग्लैंड टेस्ट सीरीज में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को आईसीसी की तरफ से बड़ा इनाम मिला है. उन्हें जुलाई महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है. इस लड़ाई में गिल के अलावा इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर भी शामिल थे. बता दें कि यह गिल का चौथा प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड है, इससे पहले उन्होंने इस साल फरवरी में और जनवरी, सितंबर 2023 में यह सम्मान जीता था.

25 वर्षीय शुभमन गिल ने जुलाई में शानदार प्रदर्शन किया और इंग्लैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की शानदार औसत से 567 रन बनाए, जिसमें छह मैचों में एक दोहरा शतक और दो शतक शामिल है. खास बात ये है कि ये गिल का कप्तान के रूप में पहला इंग्लैंड दौरा था. उन्होंने कहा कि यह सम्मान पाना उनके लिए एक बड़ा सम्मान है. ये सम्मान मिलने के बाद गिल ने कहा, जुलाई के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है. इस बार यह और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पुरस्कार मुझे कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज के दौरान मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है. बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक निश्चित रूप से मेरे लिए हमेशा याद रहेगा और यह मेरे इंग्लैंड दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक होगा. उन्होंने आगे कहा, इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज कप्तान के रूप में मेरे लिए सीखने का एक अनुभव रही और दोनों टीमों ने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए, जिन्हें मुझे यकीन है कि दोनों टीमों के खिलाड़ी लंबे समय तक याद रखेंगे. मैं इस पुरस्कार के लिए मुझे चुनने के लिए ज्वरी का और इस रोमांचक सीरीज के दौरान मेरे साथ रहे मेरे साथियों का धन्यवाद करना चाहता हूं.

## एक नजर

### भारी बारिश से स्कूल भवन की ढ़ही दीवार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी गढ़वाल के नैनीडांडा ब्लॉक क्षेत्र के अन्तर्गत जनता इंटर कॉलेज ज्यूदाडयूं के भवन की एक दीवार भारी मलबे की चपेट में आने से ढह गई। गनीमत रही जब स्कूल भवन की यह दीवार ढही तब स्कूल बंद था, अगर स्कूल खुला रहता तो एक बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार स्कूल भवन के ठीक पीछे से भारी बारिश से स्कूल के ऊपर सड़क का काफी मलबा पानी के साथ आ गया और स्कूल की दीवार को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया। मलबे के दीवार तोड़कर अंदर घुस जाने की वजह से कक्षा 6 व 11 के छात्रों के लिए रखा फर्नीचर दब गया। प्रधानाचार्य एमएम नेगी ने बताया कि इस संबंध में विभाग के साथ ही आपदा कंट्रोल रूम में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

### लापता मजदूरों का आठ दिन बाद भी नहीं चला पता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बीती 6 अगस्त से थलीसैंण से करीब 60 किलोमीटर दूर आई आपदा में लापता हुए पाचं नेपाली मजदूरों का आठ दिन बाद भी पता नहीं चल सका है। एसडीआरएफ व पुलिस की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चला रही है।

बुधावार को एसडीआरएफ व पुलिस टीम ने रेस्क्यू किया। रेस्क्यू टीम तभी से बाकुंडा गांव के ऊपर से आने वाले गेदरे से लेकर बिनो नदी में इन लापता मजूदरों की खोजबीन में जुटी है। 8 दिन बाद भी इन नेपाली मजदूरों का कोई पता नहीं चल सका। बिनो नदी के कुमाऊ की तरफ बहाव होने की वजह से अल्मोड़ा की ओर से भी रेस्क्यू किया जा रहा है। थलीसैंण के थाना प्रभारी लाखन सिंह ने बताया है कि एसडीआरएफ व पुलिस टीम लगातार मजदूरों की खोजबीन में जुटी हुई है।

### 23 परिवार सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किए

नई टिहरी : भारी बारिश से खतरे की आशंका को देखते हुये टिहरी जिला प्रशासन ने 23 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। इनमें सबसे ज्यादा दस परिवार भिलंगना ब्लॉक से सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किये गये हैं। जिला प्रशासन ने भारी बारिश के चलते सभी से अलर्ट रहने की अपील की है। बीती रात से हो रही भारी बारिश से जिले में कई बरसाती गदेर उफान मार रहे हैं। जिससे आबादी क्षेत्रों को भारी खतरा हो गया है। डीएम निकिता खंडेलवाल के निर्देश पर प्रशासन की टीम ने घनसाली तहसील से दस परिवार, धनोल्टी से छह, जाखणीधार से तीन, कंडीसौड़ से दो और टिहरी से भी दो परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट किया है। इनमें कुछ मकान गदेरे के आसपास थे, ऐसे में वहां पर पानी आने की आशंका से उन्हें पंचायत घर और पड़ोसियों के घरों में शिफ्ट किया गया है। कुछ मकान जर्जर थे और उनके गिरने का खतरा था। ऐसे में वहां रहने वाले परिवारों को भी शिफ्ट किया गया है। जिले में सभी तहसीलों में एसडीएम और तहसील कर्मचारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये गये हैं। (एजेंसी)

### बदहाल नालियों का पानी सड़कों पर बह रहा, लोग परेशान

नई टिहरी : भिलंगना ब्लाक के बेलेश्वर कस्बे में प्रतिदिन नालियों का पानी सड़क पर बह रहा है। जिस कारण सड़क क्षतिग्रस्त होने के साथ ही राहगीरों को आवाजाही में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग ने कई बार नालियों का निर्माण कराया है, लेकिन गुणवत्ता ठीक न होने के कारण नालियां फिर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके साथ ही घरों व बाजार का कचरा जमा होने के कारण नालिया चोक हो रही हैं। जिससे पूरा पानी सड़क पर बहने लगता है। सड़क पर बहता पानी वाहनों के टायरों से टकराने से सीधे दुकानों में जाने के साथ ही राहगीरों के ऊपर गिर रहा है। जिससे राहगीरों के कपड़े खराब हो रहे हैं। लगातार सड़क पर पानी बहने से सड़क पर गड्ढे भी उभर आये हैं। जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है। इसके साथ ही सड़क से बहता पानी नीचे ग्रामीणों के खेतों तक जाकर नुकसान पहुंचा रहा है। कई खेतों के पुस्ते इस बहते पानी से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। कस्बेवासियों ने कई बार लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग से इसकी शिकायत की, लेकिन दोनों विभाग इस और ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय निवासी केदार सिंह रौतेला, उम्मेद सिंह चौहान, चंदन सिंह पोखरियाल ने शीघ्र उक्त समस्या का निराकरण न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। (एजेंसी)

# शहर में ब्राडबैंड व टीवी केबल के बीच फंसी विद्युत लाइन

### नियमों की अनदेखी कर डाली गई तारों से हादसों का अंदेशा

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : शहर में ब्राडबैंड व टीवी केबल की तारों के बीच विद्युत लाइन उलझती जा रही है। जिससे हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। जबकि, नियमानुसार विद्युत खंभे के साथ ही विद्युत लाइन के आसपास कोई भी अन्य केबल डालने से पूर्व ऊर्जा निगम के साथ ही नगर निगम की इजाजत लेनी पड़ती है। लेकिन, कोटद्वार शहर में ऊर्जा निगम स्वयं ही गहरी नींद में सोया हुआ है। नतीजा, केबल टीवी व ब्राडबैंड संचालक अपनी मनमानी दिखाते हुए विद्युत तारों को उलझा रहे हैं। विद्युत तारों के बीच निजी कंपनियों की तारें इतनी उलझी हुई हैं कि कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।



कोटद्वार में विद्युत पोल से गुजरती ब्राडबैंड व अन्य तारें

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में शायद ही कोई ऐसा विद्युत खंबा व विद्युत लाइन हो जिसके आसपास ब्राडबैंड व केबल टीवी की लाइन गुजरती हुई न दिखाई दे। खंभों पर विद्युत तार कम और निजी कंपनियों की तारों का गुच्छा अधिक बना रहता है। कई बार लाइन में फाल्ट आने पर स्वयं विद्युत कर्मी भी सोच में पड़ जाते हैं कि उनकी तार कौन सी है। कंपनियों के तार सुरक्षा मानकों को ताक पर रख रहे हैं। वर्षा व तेज हवा चलने पर तारों के टकराने से चिंगारियां निकलने लगती हैं। ऐसे में कब बड़ा हादसा हो जाएं कुछ कहा नहीं जा सकता। कई स्थानों पर ब्राडबैंड व केवल टीवी की तार विद्युत तार को छूते हुए जमीन से कुछ दूरी पर ही लटकती रहती है। इस तरह की लापरवाही से शार्ट सर्किट, आग लगने, करंट फैलने जैसी घटना का डर बना रहता है। निजी कंपनियों की मनमानी के खिलाफ पूर्व में क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा निगम से भी शिकायत की थी। लेकिन, ऊर्जा निगम ने समस्या को गंभीरता से नहीं लिया। ऐसे में स्थानीय जनता ऊर्जा निगम की कार्य प्रणाली पर भी सवाल खड़े कर रही है।

### एलयूसीसी पीड़ितों का धरना जारी, रकम वापस दिलवाने की मांग

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : द लोनी अरबन मल्टी क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोआपरेटिव सोसाइटी (एलयूसीसी) पीड़ितों का धरना-प्रदर्शन तहसील परिसर में 37वें दिन भी जारी रहा। पीड़ितों ने शासन-प्रशासन पर उनकी मांगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को दिए ज्ञापन में ठगी पीड़ितों ने कहा कि छह जनवरी 2017 को इस सोसाइटी को उत्तराखंड में व्यवसाय करने की अनुमति मिली थी, जिसमें सोसाइटी के संचालकों ने लोगों को धन दोगुना करने का लालच देकर सोसाइटी में करोड़ो का निवेश करवाया। उसके बाद 29 अक्टूबर 2024 को सोसाइटी के संचालक अपने कार्यालयों को बंद कर फरार हो गए। कहा कि सोसाइटी में निवेशकों का लाखों रूपया जमा है, उनके माध्यम से जिन निवेशकों ने सोसाइटी में निवेश किया, वे भी लगातार उनके घरों में आकर पैसों का दबाव बना रहे है। कहा कि प्रदेश सरकार ने इस संबंध में सीबीआई की जांच करवाने के आदेश दिए है। उन्होंने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए डूबी रकम वापस दिलाने की मांग की है। इस मौके पर सुनीता भंडारी, सुरेश सिंह नेगी, विनीता रावत, सुनीता रावत, सोनी नेगी, रजनी देवी, नीतू देवी, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, आशा रावत आदि मौजूद रहे।

### कार्यशाला में सीखे संस्कृत बोलने के तरीके

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : नगर निगम के अंतर्गत पदमपुर मोटाढाक स्थित मालिनी वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आयोजित संस्कृत सप्ताह का बुधवार को समापन हो गया है। संस्कृत भारती के तत्वाधान में आयोजित संस्कृत सप्ताह के अंतर्गत प्रतिभागियों ने सरल संस्कृत भाषा में वार्तालाप करना सीखा। इस अवसर पर विद्वत जनों ने मालिनी नदी के उदगम स्थल से लेकर कण्वाश्रम में व्याप्त संस्कृत भाषा के इतिहास को उजागर किया। सी.पी नैथानी ने संस्कृति और संस्कृत का अनुकरण करने का आह्वान किया। मनमोहन काला ने संस्कृत को हर क्षेत्र में बोली जाने वाली भाषा बताया। मुख्य अतिथि राजकीय महाविद्यालय भाबर के वाणिज्य प्राध्यापक डा. अनुराग शर्मा ने कहा कि संस्कृत भारती ने संस्कृत को सरल तरीके से रोचक बनाकर लोगों को संस्कृत में बुलवाने का कार्य किया है। संस्कृत भारती के नगर अध्यक्ष डा. रमाकान्त कुकरेती ने कहा कि मालिनी नदी के तट पर संस्कृत का प्रवाह कण्वाश्रम की याद दिलाता है। मौके पर सभी लोगों ने संस्कृत भाषा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर योगम्बर सिंह रावत, श्वेता रावत, आंचल बिष्ट, मुकेश सुन्दरियाल, प्रभा खर्कवाल, सोनम रावत और सार्थक कंडवाल मौजूद आदि थे।

### 15 अगस्त को करीब दो घंटे देर से पहुंचेगी ट्रेन

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : दिल्ली-कोटद्वार के मध्य संचालित सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस 15 अगस्त तो करीब दो घंटे विलंब से कोटद्वार रेलवे स्टेशन पर पहुंचेगी। दरअसल, स्वतंत्रता दिवस समारोह को चलते रेल दिल्ली से करीब 110 मिनट विलंब से चलेगी।

उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल की ओर से जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। बताते चलें कि सिद्धबली जनशताब्दी एक्सप्रेस प्रातः सात बजे दिल्ली से कोटद्वार के लिए रवाना होती है और दोपहर करीब पौने दो बजे कोटद्वार पहुंचती है। लेकिन, 15 अगस्त को दिल्ली रेलवे स्टेशन से यह ट्रेन 110 मिनट विलंब से चलेगी।

# अफसर हर हाल में फोन रिसीव करें : महाराज

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : लोनिवि एवं पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बंद सड़कों को युद्ध स्तर पर खोलने के निर्देश दिए हैं। महाराज ने कहा कि अफसर हर हाल में अपने फोन को रिसीव करें और यदि किन्हीं कारणों से कॉल रिसीव न हो पाए तो बाद उसे वापस कॉल जरूर करें। लोनिवि मंत्री ने कहा कि आपदा से जिले में हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है और जल्द ही यह काम पूरा कर लिया जाएगा। इसमें फसलों की क्षति को भी शामिल किया गया है। कहा कि आपदाग्रस्त क्षेत्र में राशन से लेकर गैस सप्लाई और आपदा क्षेत्रों में बिजली और पानी की सप्लाई को भी ठीक किया जा रहा है अधिकतर क्षेत्रों में सप्लाई सुचारू भी कर दी गई है।

बुधवार को पौड़ी पहुंचे लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज अफसरों की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आपदा प्रभावितों के साथ प्रदेश सरकार खड़ी है और बजट की कोई कमी नहीं है। लोनिवि मंत्री ने कहा कि आपदा के मानकों के लेकर सीएम से भी वार्ता की जाएगी। कहा कि सड़कों को आपदा से हुई क्षति को लेकर रिपोर्ट मांगी गई है। लोनिवि मंत्री ने बताया कि उनकी विधानसभा चौबट्टाखाल के कोटा निवासी रामेश्वरी देवी की मलबे में दबने से मौत हो गई थी। जिस पर उनके बेटे जीतेंद्र को 4 लाख की राहत राशि दे दी गई है। विधानसभा क्षेत्र में 107 परिवारों के घर आंशिक तौर पर क्षतिग्रस्त हुए है, इसमें से 73 परिवारों को 4 लाख 74 हजार तो एकेश्वर ब्लॉक के बिडाला में देवेंद्र सिंह का भवन क्षतिग्रस्त होने पर 1 लाख की राशि दी गई है। महाराज ने बताया कि 33 परिवारों को आशिंक क्षति रिपोर्ट की गई है उन्हें भी मुआवजा देने के निर्देश दिए गए है।

### भूस्खलन से 10 मकानों को खतरा

चमोली : बारिश के चलते प्रखंड के तल्ला जाख गांव के ठीक ऊपर से हो रहे भूस्खलन के कारण गांव के 10 परिवारों के मकानों को खतरा बना हुआ है। गांव के जसपाल सिंह रावत ने बताया कि बारिश के दौरान जमीन खिसकने से गांव के उपर भूस्खलन का मलबा जमा होता जा रहा है, जोकि गांव के लिए खतरा बन रहा है। कहा कि गांव के पंचम सिंह, दीवान सिंह, हरेंद्र सिंह, खुशहाल सिंह, देव सिंह, राजेंद्र सिंह, रधुवीर सिंह, दलवीर सिंह, जसपाल सिंह तथा शिशुपाल सिंह रावत की मकानें कभी भी भूस्खलन की चपेट में आ सकते हैं। इस आशंका को देखते हुए ग्रामीणों ने राजस्व उपनिरीक्षक असेड़ सिमली को प्रार्थना पत्र देकर मौके पर निरीक्षण किए जाने का आग्रह किया है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि शीध्र ही भूस्खलन की रोकथाम के लिए सुरक्षा के उपाय और बचाव के कार्य किए जाते हैं तो इससे लोगों की चिंताएं कम होंगीं। (एजेंसी)

# तिरंगे के रंग से जगमगाए शहर के पुल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मंगलवार देर शाम शहर की नदियों पर बने पुल तिरंगे रंग से जगमगा उठे। देर रात तक पुल में फोटो खिंचवाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। तिरंगे लाइट की यह खूबसूरती हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी।

कोटद्वार शहर में नदियों के ऊपर बने सात पुलों पर करीब एक करोड़ 29 लाख की लागत से यह एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। मंगलवार देर शाम विधानसभा अध्यक्ष ने तिरंगे रंग की लाइटों का शुभारंभ सुखरो पुल पर स्विच ऑन कर किया। उन्होंने कहा कि 15 अगस्त से पूर्व शहर के पुलों को तिरंगे के रंग में रंगा गया है। कहा कि मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-337 के अंतर्गत, राज्य वित्त आयोग से स्वीकृत इस परियोजना को प्रशासनिक वर्ष में शासन से अनुमोदन प्राप्त कराया गया था। जिसके बाद कार्य प्रारम्भ हुआ और आज यह सफलता पूर्वक पूर्ण हुआ है। कोटद्वार के




कोटद्वार में लाइट का शुभारंभ करते विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

मालन, सुखरो, सिद्धबली, ग्रास्टनगंज, बीएल, गुल्लरझाला व गाड़ीघाट पुल पर देर रात तक फोटो खिंचवाने वालों की भीड़ लगी हुई थी। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, नगर आयुक्त पीएल शाह, मण्डल अध्यक्ष प्रेमा खंतवाल, पार्षद प्रमोद केष्टवाल, कमल नेगी आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस ने क्लस्टर विद्यालय खोलने पर जताया रोष

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : जिला कांग्रेस ने प्रदेश में विभिन्न विद्यालयों को मर्ज कर क्लस्टर विद्यालय खोलने की प्रदेश सरकार की योजना का विरोध किया है। कहा कि यह योजना पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कारगर नहीं है। ऐसे में सरकार को अपना यह निर्णय वापस लेना चाहिए।

इस संबध में जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में बुधवार को उपजिलाधिकारी के माध्यम से प्रदेश के राज्यपाल को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से कई विद्यालयों को मर्ज कर क्लस्टर विद्यालय खोलने की प्रक्रिया चल रही है, जो पहाड़ी क्षेत्रों के लिए कारगर नहीं है।

ये योजना छात्र-छात्राओं के विद्यालय में पहुंचने के लिए दूरी को बढ़ायेगी। वर्तमान में भी कई पहाड़ी स्थानों के



कोटद्वार तहसील में उपजिलाधिकारी को ज्ञापन देते कांग्रेसी

छात्र-छात्राओं को लंबी दूरी तय कर जंगलों के रास्ते विद्यालय पहुंचना पड़ता है। ऐसे में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सरकार को क्लस्टर विद्यालय खोलने के स्थान पर विद्यालयों में रिक्त पड़े प्रधानाचार्यों और शिक्षकों के पद पर शीघ्र नियुक्ति करनी चाहिए। ज्ञापन में राज्यपाल से इस संबध में प्रदेश सरकार को अविलंब निर्देशित करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, गोपाल सिंह, योगंबर चौहान, विनय मोहन नेगी, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती और महावीर नेगी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### देवप्रयाग में संगम घाटी को खाली कराया

नई टिहरी : जनपद टिहरी गढ़वाल में रेड अलर्ट जारी होने के चलते लगातार हो रही बारिश व भारी बारिश की आशंका को देखते हुए पुलिस ने मुनिकीरेती में गंगा घाटों व देवप्रयाग में संगम घाटी को खाली कराने का काम किया जा रहा है। इस बाबत जानकारी देते हुए एसएसपी आयुष अग्रवाल ने बताया कि जनपद में चार दिनों तक बारिश होने की चेतावनी है। ऐसे में जनपद के लोगों को सुरक्षित रखने की चेतावनी पुलिस ने दी है। कम से कम आवाजाही की हिदायत दी है। साथ ही बारिश से नदी तटों पर खतरा बढ़ने की आशंका को देखते हुए मुनिकीरेती किनारे गंगा घाटों व देवप्रयाग में संगम घाट को खाली करवाने का काम करने के साथ ही लाउड हेलर के माध्यम से सचेत करने का काम नियमित किया जा रहा है। जनपद के सभी थाना प्रभारियों को अलर्ट रहने को निर्देशित किया गया है, ताकि बारिश के कारण होने वाले नुकसान से सचेत होकर बचा जा सके। (एजेंसी)

# कल्जीखाल ब्लॉक में प्रमुख चुनाव में कांटे का मुकाबला

### कल्जीखाल में प्रमुख चुनाव में गीता और प्रिया आमने-सामने

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 में विकासखंड कल्जीखाल में शुक्रवार को होने वाला ब्लॉक प्रमुख चुनाव दिलचस्प बना हुआ है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी श्रीमती गीता देवी और प्रिया देवी प्रमुख पद की दावेदार है। भाजपा समर्थित प्रत्याशी गीता देवी 12 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समर्थन का दावा कर रही है, वहीं प्रमुख पद की प्रत्याशी प्रिया देवी 11 क्षेत्र पंचायत सदस्यों के समर्थन का दावा कर रही है। जिससे यह मुकाबला कांटे का बना हुआ है। 23 क्षेत्र पंचायत सदस्यों वाले कल्जीखाल ब्लॉक में गीता देवी पट्टी असवालस्यूं के क्षेत्र पंचायत सीट मिर्चोड़ा से क्षेत्र पंचायत सदस्य निर्विरोध जीत दर्ज की है। गीता देवी के पैनल में ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए पटवालस्यूं पट्टी से एक मात्र क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय पटवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जबकि कनिष्ठ प्रमुख पद के लिए कपोलस्यूं पट्टी से क्षेत्र पंचायत सीट सिलेथ से क्षेत्र पंचायत सदस्य दीपक असवाल ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। वहीं प्रमुख पद के लिए दूसरे निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर प्रिया देवी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। जो क्षेत्र पंचायत सदस्य सीट बिलखेत से क्षेत्र पंचायत सदस्य के रूप में जीत दर्ज की है। प्रिया देवी के पैनल में ज्येष्ठ प्रमुख पद के लिए प्रीति नेगी ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। प्रीति नेगी ने असवालस्यूं पट्टी के क्षेत्र पंचायत सिरों सीट से जीत दर्ज की है। वहीं कनिष्ठ प्रमुख पद पर संजय डबराल मिंटू ने नामांकन किया है, जो पट्टी पटवालस्यूं के गुठिंडा क्षेत्र पंचायत सीट से चुनाव जीतकर आए है।

# बैंक लंबित प्रकरणों का निस्तारण 31 अगस्त तक करें

नई टिहरी : भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), जिला सलाकार समिति एवं जिला समीक्षा समिति टिहरी गढ़वाल की त्रैमासिक बैठक में डीएम नितिका खंडेलवाल ने सभी बैंकों को आगामी 31 अगस्त तक लंबित प्रकरणों को निस्तारित कर इसका अपडेट देने के कड़े निर्देश दिये। डीएम नितिका खण्डेलवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सभी बैंकों को शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने को निर्देशित किया गया। डीएम ने सभी बैंकर्स को वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने, सभी बैंक शाखाओं को प्रत्येक माह में कम से कम एक वित्तीय साक्षरता कैम्प का आयोजन करने तथा लंबित प्रकरणों का समयान्तर्गत निवारण करने के निर्देश दिए। जबकि इस 31 अगस्त तक सभी बैंक में लंबित मामलों के निस्तारण के सख्त निर्देश दिये गये। इसके साथ ही डीएम ने प्राधिकरण से संबंधित प्रकरणों के लिए अलग से बैठक आयोजित करने को कहा। बैठक में बताया गया कि एसबीआई ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) ने वर्ष 2025-26 में 34 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में 1000 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षित किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभी तक संस्थान ने कुल 3 प्रशिक्षण कार्यक्रमों में चंबा और जाखनीधार में आयोजन कर 76 प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण दिया है। वर्ष 2025-26 में 79 प्रशिक्षणार्थियों ने स्वरोजगार प्रारम्भ किया है,

### बारिश और तेज धूप से पहाड़ी टूटने का बढ़ा खतरा

रुद्रप्रयाग : भारी बरसात के बीच निकल रही तेज धूप से पहाड़ चटकने का खतरा बढ़ गया है। हर साल बरसात खत्म होने के बाद ऐसी स्थिति पैदा होती है इसलिए सड़कों पर चलने वाले वाहन चालकों को बारिश के साथ ही तेज धूप में भी संभलकर चलने की जरूरत है। बीते दिन तेज धूप खिली थी और इसी बीच बदरीनाथ हाईवे पर शिवानंदी के बीच भारी बोल्डर गिरने से एक वाहन चपेट में आ गया जिससे महिला की मौत हो गई जबकि चार घायल हो गए। इसी तरह अन्य जगहों से वाहनों के ऊपर बोल्डर और मलबा गिरने की घटनाएं निरंतर हो रही है। जानकार कहते हैं कि बरसात से पूरी पहाड़ी कमजोर रहती है। ऐसे में लूज चट्टान और बोल्डरों का गिरने का खतरा ज्यादा होता है।

# प्रदेश में धार्मिक स्थलों को विकसित करने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** सनातन महापरिषद भारत ने उत्तराखंड की संस्कृति व सभ्यता के प्रचार-प्रसार के साथ ही प्रदेश के धार्मिक स्थलों के संरक्षण की मांग की है। कहा कि इसके लिए सरकार को गंभीरता से कार्य करना चाहिए।

महापरिषद भारत की संगठन मंत्री कंचन सुंडली के नेतृत्व में सदस्यों ने विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हमें धार्मिक स्थलों को विकसित करने के लिए ध्यान देना चाहिए। यदि गढ़वाल के द्वार कोटद्वार में स्थित कण्वाश्रम के विकास पर गंभीरता से कार्य किया जाता है तो इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। साथ ही युवाओं को अपनी संस्कृति व सभ्यता के बारे में जानने का भी अवसर मिलेगा। कहा कि हर चुनाव



कोटद्वार में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण से मुलाकात करते संगठन के सदस्य व पदाधिकारी

में कण्वाश्रम के विकास की बात कही जाती है। लेकिन, अब तक यहां विकास की योजनाएं धरातल पर रंग नहीं ला पाई है। ऐसे में अब भाजपा सरकार को धार्मिक स्थलों के विकास के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने प्रदेश में जर्जर हो चुके मंदिरों के पुनर्निर्माण की भी मांग उठाई। कहा कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। ऐसे में हमें इसके बेहतर विकास के लिए कार्य करना चाहिए। इस मौके पर रीमा चौहान आदि मौजूद रहे।

# शिक्षक बच्चों को संस्कारवान बनाएं : रितु

जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार : जूनियर हाई स्कूल (पूर्व माध्यमिक) शिक्षक संघ जनपद पौड़ी गढ़वाल की शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी एवं सप्तम त्रैवार्षिक अधिवेशन शुरू हो गया है। इस मौके पर वक्ताओं ने सरकारी विद्यालयों में घटती छात्र संख्या पर चिंता जताई। उन्होंने छात्र संख्या बढ़ाने और नए शिक्षण विधाओं को अपनाने पर जोर दिया। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष रितु खंडूडी भूषण ने शिक्षकों से बच्चों को शिक्षा देने के साथ-साथ संस्कारवान बनाने पर जोर दिया। पदमपुर कोटद्वार स्थित वेडिंग प्वाइंट में अधिवेशन का शुभारंभ उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण, अपर शिक्षा निदेशक प्राथमिक शिक्षा




गढ़वाल मंडल कंचन देवराड़ी ने सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर जूनियर हाईस्कूलों से सेवानिवृत्त 90 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर जनपद कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा होने पर कार्यकारिणी को भंग कर नई कार्यकारिणी गठित की गई। नवीन कार्यकारिणी में जिला अध्यक्ष पद पर भगत सिंह भंडारी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मण सिंह नेगी, जिला मंत्री पद पर भोपाल सिंह रावत, जिला कोषाध्यक्ष पद पर पवन देवलियाल, वरिष्ठ संयुक्त मंत्री पद पर दिलीप कुमार वर्मा को निर्विरोध चुना गया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विनोद थापा द्वारा नवनिर्वाचित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर सूरज मनराल, मनोज शाह, उमेद सिंह नेगी, बृजेंद्र सिंह नेगी प्रधानाचार्य, दीवान सिंह रावत, कुंवर सिंह राणा, बृजेंद्र भट्ट, प्रमोद मखलोगा, जगबीर सिंह खरोला, मुकेश काला, विपिन रांगण, नागेंद्र डोबरियाल, विपिन चौहान, रश्मि बिष्ट, संजय केडियाल, जयचंद्र आर्य, उमा बुड़ाकोटी आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन रविंद्र मंजेड़ा, सुदर्शन जुयाल ने किया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| Tender No. Date | 138-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 | 130-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 | 129-DRM-MB-25-26 dt. 13.08.2025 |
|---|---|---|---|
| Name of Work | ZONE 01(2025-26) from BE-CH section (excluding BE) for staff qtrs & service building under ADEN/CH. | ZONE 02(2025-26) from CH-MB, CH-HGJ, RJK-SHTS section (excluding ZRTI, CH & MB) for staff qtrs & service building under ADEN/CH | ZONE 03(2025-26) for staff quarters and service buildings in ZRTI/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 05.09.2025 | 05.09.2025 | 05.09.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 14999992.88 | 8999998.24 | 5999994.36 |
| Earnest Money (Rs.) | 225000.00 | 180000.00 | 120000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 00 | 00 | 00 |
| Bidding Start Date | 22.08.2025 | 22.08.2025 | 22.08.2025 |
| Period of Completion | 12 Month | 12 Month | 12 Month |

पत्रांक-75-W/2/3/WA/Publication दिनांक-13.08.2025 2474/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## संक्षिप्त समाचार

### बारिश ने बढ़ाई परेशानी

चमोली : कर्णप्रयाग सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार सुबह मौसम साफ रहा। हालांकि शाम को साढ़े तीन बजे बाद बारिश होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार हो रही बरसात से बदरीनाथ हाईवे कमेड़ा और उमट्टा में बदहाल बना है। यहां पहाड़ी पर अटका मलबा और बोल्डर हादसे को न्योता दे रहे हैं। वहीं, कर्णप्रयाग में सिमली रोड़ पर पत्थर गिर रहे हैं और नाली का पानी सड़क पर बह रहा है। साथ ही जखेड़ में भूधंसाव वाले स्थान पर वाहनों की आवाजाही में दिक्कत हो रही है। संपर्क मार्गों की हालत भी खराब है। सिमली-शैलेश्वर, उमट्टा-बरसाली, सिमली-डिम्मर सड़क पर कीचड़ जमा होने से दोपहिया वाहनों के रपटने का खतरा बना है। (एजेंसी)

### उत्तराखंड ने दो गोल्ड और चार कांस्य पदक जीते

हल्द्वानी। ग्रेटर नोएडा में आयोजित चौथी सब जूनियर बालक–बालिका बॉक्सिंग चैंपियनशिप में उत्तराखंड के बॉक्सरों ने शानदार प्रदर्शन किया है। उत्तराखंड के बॉक्सरों ने दो गोल्ड और चार कांस्य पदक जीते हैं। सात से 13 अगस्त तक गलगोटिया विश्वविद्यालय में आयोजित चैंपियनशिप में देश भर के 750 बॉक्सरों ने हिस्सा लिया था। उत्तराखंड की तरफ से 15 बालक और 13 बालिका बॉक्सरों ने हिस्सा लिया था। बालक वर्ग में 61–64 किलो वर्ग में मनीष कोरंगा, 46–49 किलो वर्ग में अमन कुमार ने स्वर्ण पदक जीता। वहीं मोहित भंडारी, अस्तित्व, कार्तिक अधिकारी व बालिका वर्ग में रीता कुमारी ने कांस्य पदक प्राप्त किया। उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन के महामंत्री गोपाल सिंह खोलिया ने कहा कि प्रतियोगिता में सभी राज्यों के अलावा रेलवे और सर्विसेस के बॉक्सरों ने हिस्सा लिया था। एसोसिएशन के आजीवन अध्यक्ष निर्वाण मुखर्जी, ब्रजेश तिवारी, रविन्द्र ठाकुर, विमला रावत, कमल, रिचा शर्मा, शिखा चन्द, रेनू दानू आदि ने शुभकामनाएं दी हैं।

### अमित हत्याकांड मामले की सीबीआई जांच को निकाली आक्रोश रैली

हल्द्वानी। अमित हत्याकांड मामले में परिजनों व लोगों ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर बुद्ध पार्क में लगातार तीसरे दिन धरना दिया। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने तिकोनिया से एसडीएम कोर्ट तक रैली निकाली। कहा कि मामले की जांच सीबीआई को सौंपने तक लड़ाई जारी रहेगी। यहां सिटी मजिस्ट्रेट को मृतक के परिजनों ने मांगपत्र सौंपा। बुधवार को सामाजिक कार्यकर्ता अनिल कुमार के नेतृत्व में लगातार तीसरे दिन मृतक अमित के परिजन व क्षेत्र के लोग बुद्ध पार्क में धरने पर बैठे। यहां एकत्रित महिलाओं, मृतक बच्चे के परिजनों व अन्य लोगों ने तिकोनिया से एसडीएम कोर्ट तक आक्रोश रैली निकाली। मृतक के पिता खूबकरन मौर्या ने कहा कि वह पुलिस के हत्याकांड वाले खुलासे से संतुष्ट नहीं हैं। वह सीबीआई जांच चाहते हैं। मां पुष्पा देवी, बहन लक्ष्मी ने कहा कि उनके भाई की हत्या में एक से अधिक लोग शामिल हैं।

### बैराज मे सिल्ट भरने से बंद हुए फिल्टर प्लांट

हल्द्वानी। गौला बैराज में सिल्ट बढ़ने से बुधवार को जल संस्थान के लिए फिल्टर प्लांट ठप हो गए। पांच घंटे तक प्लांट बंद होने पर शाम को होने वाली पेयजल की सप्लाई प्रभावित हुई। पेयजल नही मिलने पर लोगों को दिक्कतों का सामना करना पडा।

जिले के पर्वतीय क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण गौला नदी में सिल्ट बह कर बैराज में जमा हो रही है। बुधवार को सिल्ट की मात्रा बढ़ने पर दोपहर दो बजे सिंचाई विभाग ने बैराज के सभी गेट खोल दिए।

### पंच परिवर्तन और सप्तशक्ति संगम पर चर्चा की

विकासनगर। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में बुधवार को संकुल स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में छह विद्यालयों के 120 आचार्यों ने भाग लिया। पौधरोपण के साथ शुरू हुए सम्मेलन में पंच परिवर्तन और सप्तशक्ति संगम पर चर्चा की गई।

इसके साथ ही विद्या भारती के विद्यालयों में संस्कृति के संरक्षण को किए जाने वाले प्रयासों को बढ़ाने पर जोर दिया गया। मुख्य वक्ता विद्या भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री डोमेश्वर साहू ने पंच परिवर्तन की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें स्व का बोध यानी स्वदेशी, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण, सामाजिक समरसता और कुटुंब प्रबोधन शामिल है। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारु रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है।

# चमोली में जल जीवन मिशन की 1134 योजनाओं का कार्य हुआ पूर्ण

### जिलाधिकारी ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा




जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में बुधवार को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जल जीवन मिशन की भौतिक प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को 75 फीसदी से अधिक कार्य पूर्ण वाली योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में जल जीवन मिशन की प्रगति पर संतोष व्यक्त करते हुए शेष कार्यों को भी पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने शासन स्तर पर लंबित योजनाओं को लेकर अधिकारियों को पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही। जल संस्थान और पेयजल निगम के अधिकारियों को वन विभाग या अन्य विभाग के सहयोग से बनने वाली योजनाओं को लेकर विभागीय अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को जल जीवन मिशन से जुड़ी योजनाओं के लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने की बात कही। ताकि पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं को तय समय में पूर्ण किया जा सके। जल संस्थान के अधीक्षण अभियंता सुशील कुमार सैनी ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत जनपद में प्रस्तावित 1241 में से 1134 योजनाओं का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जबकि 107 योजनाओं का निर्माण कार्य विभिन्न स्तरों पर गतिमान है। उन्होंने बताया कि हर घर जल प्रमाणीकरण के तहत जनपद के 1113 गांवों में 696 प्रमाणीकरण पूर्ण कर लिए गए हैं। बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह भाकुनी, एसडीओ जुगल किशोर, पेयजल निगम के अधिशासी अभियंता राजेश सिंह सहित अन्य रेखीय विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

### 17 नई सस्ता गल्ला राशन दुकान खुली, 12 नई दुकानों के निकाले टेंडर

देहरादून। दून में 17 नई सस्ते गल्ले राशन की दुकानें खुल गई हैं और 12 नई दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल के आदेश के बादर जिला पूर्ति कार्यालय में सरकारी सस्ते गल्ले की नई दुकानों को लेकर दबी फाइलों को बाहर निकाला गया है। जानकारी केअनुसार पिछले कुछ समय से लोग भीड़ में लगकर एक ही दुकान से राशन लेने को मजबूर थे। जिलाधिकारी बंसल ने नई सस्ता गल्ला की राशन दुकानों के लिए टेंडर करने के निर्देश दिए। विभिन्न नगर निगम/नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत नई सरकारी सस्ता गल्ले की दुकानों के आंवटन को पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये थे जिसके क्रम में 17 नई सस्ते गल्ले राशन की दुकानें खुल गई हैं। डीएम बंसल ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा 12 नई दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिनमें डालनवाला क्षेत्र दून विहार जाखन, कनाटप्लेस चुक्खुवाला, मियावाला क्षेत्र बालावाला, मोहकमपुर, ब्रहमणवाला, रायपुर प्रथम डांडा लखौंड (खुदानेवाला), नगर पालिका मसूरी अन्तर्गत बालीगंज, नगर निगम ऋषिकेश अन्तर्गत अम्बेडकर चौक, अद्वैतानन्द मार्ग, मुखर्जी चौक, इन्द्रा नगर, आशुतोष नगर राशन दुकानों के लिए टेंडर आमंत्रित किए गए हैं।

# देश के विभाजन का दर्द कभी भुलाया नहीं जा सकता : धामी



जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' की पूर्व संध्या पर देश के विभाजन के दौरान अपनी जान गंवाने वाले लोगों को नमन करते हुए कहा कि देश के विभाजन के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन की विभीषिका को इतिहास का काला अध्याय तथा दुनिया का सबसे बडा विभाजन बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लाखों लोगों ने अपनी जान गंवाकर विभाजन के साथ विस्थापन का दर्द झेला।मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 अगस्त 1947 को देश जब आजादी का जश्न मना रहा था, वहीं देश के विभाजन का भी दर्द हमें सहना पड़ा। भारत के लिए यह घटना किसी विभीषिका से कम नहीं थी। वर्ष 2021 में इसी दर्द को याद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 14 अगस्त को ''विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'' मनाने का निर्णय लिया। तब से यह दिन मनाया जा रहा है, ताकि हम अपने उन लाखों सेनानियों व परिवारजनों से बिछड़े लोगों के बलिदान को याद कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन उन सभी सेनानियों की याद दिलाता है, जिन्होंने भारत माँ के लिए बलिदान दिया। भारत के बंटवारे ने सामाजिक एकता, सामाजिक सद्भाव और मानवीय संवेदनाओं को तार–तार कर दिया था। कहा कि यह हमारा कर्तव्य है कि हम देश को स्वतंत्र कराने वाले और देश के विभाजन की यातनाएं झेलने वाले मां भारती के प्रत्येक सपूत के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करें। यह दिवस हमारी भावी पीढ़ी को इतिहास की उस विभीषिका से परिचित कराता रहेगा।

# वोट चोर गद्दी छोड़ नारों के साथ कांग्रेस सेवादल का मौन उपवास

देहरादून। कांग्रेस सेवा दल ने वोट चोर गद्दी छोड़ संदेश में मौन उपवास रखकर केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अगर केंद्र सरकार लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता की बात को नहीं सुनती तो सभी कांग्रेसी आंदोलन करेंगे।

बुधवार को कांग्रेस सेवादल के पदाधिकारी और कार्यकर्ता डॉ. भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थल घंटाघर पर एकत्र हुए और मौन उपवास रखा। कांग्रेस नेता व अतिरिक्त मुख्य संगठक मनमोहन शर्मा ने बताया कि दोपहर 12 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक एक घंटे का मौन उपवास रखा गया। मनमोहन शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के, लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा सांसद की आवाज को दबाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने महाराष्ट्र के चुनाव की वोट चोरी को पूरे हिंदुस्तान के समक्ष लाकर जन मानस को प्रधानमंत्री की असत्यता से अवगत कराया है और चुनाव आयोग को पूर्ण डाटा दर्शाया है कि वोटों की चोरी हुई। आरोप लगाया कि चोरी होने के उपरांत चोरी से राष्ट्र में सरकार बनाई फिर कांग्रेस ने एक मत में संदेश देते हुए कहा कि अगर लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता की बात को अगर सरकार नहीं सुनती तो सभी कांग्रेस जन आंदोलन करेंगे।

कहा कि लोकसभा सांसद प्रतिपक्ष नेता राहुल गांधी के द्वारा मांगे जा रहे संपूर्ण डाटा को जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाए, जिससे सत्यता का जनमानस को पता चल सके।

### लंबित विवेचनाओं का तत्काल करें निस्तारण: एसपी ग्रामीण

विकासनगर। एसपी ग्रामीण रेणु लोहानी ने बुधवार को कोतवाली विकासनगर में विवेचकों की बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी विवेचकों को लंबित विवेचनाओं का समय पूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने एक वर्ष से अधिक समय से लंबित मुकदमों की जांच, पूर्व में पड़े मुकदमों को अनावश्यक लंबित न रखने और विवेचनाओं की गुणवत्ता में वृद्धि करने के लिए के लिए वैज्ञानिक साक्ष्यों एवं दस्तावेजीय साक्ष्यों को अधिकाधिक प्रयोग करने के निर्देश दिए। साथ ही सीटीजन पोर्टल, साइबर पोर्टल, 1905 एवं अन्य विभिन्न पोर्टलों में प्राप्त होने वाली शिकायतों, अनुरोधों का निश्चित समय सीमा में सफल निस्तारण करने के निर्देश दिए।

# जिला पंचायत अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद के मतदान की तैयारियां पूरी

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संदीप तिवारी और पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार ने बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के लिए को होने वाले मतदान की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने मतदान स्थल पर आवश्यक सुरक्षा व्यवस्थाओं, बैठने की व्यवस्था, बैरिकेडिंग, मतदान कक्ष एवं मतगणना स्थल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक मतदान की प्रक्रिया संपन्न होगी। जिसके पश्चात मतगणना कार्य किया जाएगा। कहा कि मतदान एवं मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मतदान और मगणना कार्य के सुचारु और शांतिपूर्ण सम्पादन के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। पुलिस उपाधीक्षक मदन कुमार बिष्ट ने बताया कि मतदान और मगणना स्थल की सुरक्षा के लिए एक पुलिस अधीक्षक के साथ ही 1 एसओ, 2 एसआई, 1 एएसआई, 3 हेड कांस्टेबल, 5 कांस्टेबल, 2 महिला पुलिस कांस्टेबल एवं 15 होमगार्ड की तैनाती की गयी है। इसके साथ ही मतदान और मतगणना प्रक्रिया की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव संपन्न कराने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी आर के पांडे सहित अन्य अधिकारियों कर्मचारी मौजूद रहे।

# भव्य होगा स्वतंत्रता दिवस का आयोजन, तैयारियों में जुटा जिला प्रशासन

देहरादून। राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस भव्य रूप से मनाया जाएगा। देहरादून परेड ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रतिभाग करेंगे। जिला प्रशासन कार्यक्रम की भव्य तैयारियों में जुटा है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर मुख्य विकास अधिकारी अभिनव शाह ने बुधवार को परेड ग्राउंड में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए नोडल अधिकारियों को सभी तैयारियां समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। सीडीओ ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य मंच से लेकर पुलिस परेड, ध्वजारोहण, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, राज्य आंदोलनकारी, गणमान्य नागरिक, महानुभावों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। कहीं पर भी कोई कमी न रहे, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। समारोह में मुख्यमंत्री द्वारा स्वतंत्रता संग्राम



सेनानियों, राज्य आंदोलनकारियों, खिलाड़ियों और उत्कृष्ट सेवा के लिए पुलिस एवं विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण भी किया जाएगा। इससे पूर्व अपर जिलाधिकारी (एफआर) केके मिश्रा ने नोडल अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों के बारे में पूरी जानकारी देते हुए समय पर तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान सिटी मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, एसडीएम हरिगिर, एसडीएम अर्पणा सिंह, एसडीएम कुमकुम जोशी सहित लोनिवि, पर्यटन, उद्यान, पूर्ति एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

### चोरों ने बंद घर से उड़ाई नगदी और ज्वेलरी

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र के भाऊवाला में एक बंद घर में चोरों ने नगदी और ज्वेलरी चोरी कर ली। जिस घर में चोरी हुई वह एक निजी दूरसंचार कंपनी के राज्य प्रमुख हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि भाऊवाला के रामपुर अनसूया मार्ग निवासी शशांक गुरुंग ने तहरीर दी है। बताया कि वह सात अगस्त को कार्यालय के काम से रुड़की गए थे। रविवार को जब वापस घर पहुंचे तो भीतर सारा सामान अस्त–व्यस्त पड़ा था। घर से चोर आभूषण, नगदी और अन्य कीमती सामान चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष ने बताया कि सीसीटीवी कैमरा की फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

# नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से समझाया स्तनपान का महत्व

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में विश्व स्तनपान सप्ताह के अंतर्गत जनसामान्य में स्तनपान जागरूकता के उद्देश्य से बुधवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें जन संवाद, क्विज, पोस्टर, स्टोन पेंटिंग आदि प्रतियोगिताओं के साथ सतत नर्सिंग शिक्षा के विशेष सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नवजात शिशुओं की माताओं, उनके तीमारदारों और जनसामान्य को स्तनपान के महत्व से रूबरू कराया गया। बुधवार को संस्थान के नवजात शिशु विभाग की ओर से विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत आयोजित समापन कार्यक्रम में एम्स की कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रो. मीनू सिंह ने कहा कि नवजात शिशुओं की माताओं को अपने शिशु को दुग्धपान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित करने का यह कार्यक्रम सिर्फ एक सप्ताह मात्र के रूप में औपचारिक नहीं होना चाहिए, बल्कि रोजाना और वर्षभर होना चाहिए। निदेशक ने इस महत्वपूर्ण विषय पर सप्ताहव्यापी विभिन्न जनजागरुकता कार्यक्रमों के आयोजन के लिए नवजात शिशु रोग विभाग, नर्सिंग सर्विसेज और कॉलेज ऑफ नर्सिंग के संयुक्त दल की प्रशंसा की। डीन एकेडमिक प्रोफेसर डॉ. जया चतुर्वेदी, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट प्रो. बी सत्यश्री व नवजात शिशु विभाग की कार्यकारी अध्यक्ष एडिशनल प्रोफेसर डॉ. पूनम सिंह ने अपने व्याख्यान में मां के दूध को नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए अमृत तुल्य बताया। नवजात शिशु विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुमन चौरसिया ने बताया कि नुक्कड़ नाटक को उपस्थित माताओं, तीमारदार, संकायगणों और आम जनमानस ने सराहा।

# कंपनी से पैदल घर जा रहे कर्मचारी का मोबाइल छीना

विकासनगर। सेलाकुई थाना क्षेत्र में कंपनी से घर जा रहे एक कर्मचारी का मोबाइल छीन कर बाइक सवार युवक फरार हो गए। कर्मचारी ने शोर मचाया, लेकिन वह तेजी से फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस ने भी आरोपियों की काफी खोजबीन की, लेकिन उनका पता नहीं चल पाया।

पुलिस ने बाइक सवारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के मुताबिक मुसाहिद निवासी शहीद अहमद निवासी जमनपुर सेलाकुई में एक कंपनी में काम करता है। रात को करीब पौने एक बजे वह कंपनी से घर पैदल ही घर जा रहा था। जैसे ही वह लेबर चौक पर पहुंचा। अचानक बाइक सवार दो युवक आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक वह मोटरसाइकिल का पूरा नंबर नोट नहीं कर पाया।

कहा कि उसने काफी शोर मचाया लेकिन वह तेजी से फरार हो गए। उधर, सूचना पर सेलाकुई पुलिस मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल सवारों के बारे में पूछताछ कर उनकी काफी तलाश की लेकिन उनका पता नहीं चल पाया। थानाध्यक्ष सेलाकुई पीडी भट्ट ने बताया कि मोबाइल छीनकर भागे मोटरसाइकिल सवारों की तलाश की जा रही है। इसके लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज चेक किए जा रहे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कुमाऊं में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

हल्द्वानी। हल्द्वानी में बुधवार को मौसम साफ रहा, दिनभर हल्की धूप खिली रही और शाम होते ही काले बादल छा गए। कुमाऊं में आज बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। बुधवार को शहर का अधिकतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 डिग्री रिकार्ड किया गया। सुबह की शुरुआत हल्की बारिश से हुई। दोपहर तक मौसम साफ हुआ और हल्की बारिश शुरू हुई।

देर शाम बारिश का दौर शुरू हुआ। मौसम विभाग के मौसम वैज्ञानिक रोहित थपलियाल ने बताया कि आज यानी 14 अगस्त को कुमाऊं के सभी जिलों में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावनाएं है।

# तिरंगे के रंग में रंगा डोईवाला क्षेत्र, गूंजे देशभक्ति के नारे

ऋषिकेश। भाजपा कार्यकर्ताओं ने बुधवार को डोईवाला क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली। तिरंगा रैली विभिन्न चौक–चौराहों से होकर ब्लॉक परिसर में संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और स्कूली बच्चे भी शामिल हुए। उनमें देश भक्ति का जज्बा नजर आया। भाजपा संगठन मंत्री अजेय ने कहा कि तिरंगा यात्रा का उद्देश्य नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को प्रबल करना है। युवाओं को यह समझना होगा कि तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि यह हमारी पहचान, हमारी संस्कृति और हमारे गौरव का प्रतीक है। क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण गैरोला के नेतृत्व में डोईवाला क्षेत्र में तिरंगा रैली निकाली गई। रैली में एसएसबी जवान, महिलाएं, युवा और स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय, वंदे मातरम के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा प्रेमनगर बाजार स्थित रेडियंट पब्लिक स्कूल से प्रारंभ होकर मिल रोड, नगर चौक, देहरादून रोड, ब्लॉक प्रांगण में जाकर संपन्न हुई। कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा संगठन मंत्री अजेय ने कहा कि हमें अपने देश के प्रति समर्पण, अनुशासन और एकजुटता के साथ आगे बढ़ना होगा। तभी भारत विश्व में अग्रणी राष्ट्र बन सकता है। डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि आजादी हमें बहुत बड़ी कुर्बानियों और बलिदानों के बाद मिली है। हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को गुलामी की बेड़ियों से आज़ाद कराया। तिरंगा न सिर्फ हमारी आजादी का प्रतीक है, बल्कि यह हमें हमेशा एकजुट रहने और देश की एकता, अखंडता और समृद्धि के लिए काम करने की प्रेरणा देता है। तिरंगे की शान और सम्मान की रक्षा करना हर भारतीय का पहला कर्तव्य है। जिलाध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि यह भारत की आत्मा, एकता और अखंडता का प्रतीक है। आज जब हम तिरंगे को गर्व से लहराते हैं, तो यह हमें उन वीरों की याद दिलाता है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर देश को आजाद कराया। पूर्व ब्लॉक प्रमुख नगीना रानी ने कहा कि तिरंगा हमें राष्ट्र निर्माण और देश सेवा के लिए प्रेरित करता है। तिरंगा सिर्फ एक झंडा नहीं, बल्कि हमारे देश का गौरव और आत्मसम्मान है। तिरंगा यात्रा में ये लोग रहे मौजूद राष्ट्रीय महामंत्री महिला मोर्चा दीप्ति रावत, ऋषिकेश मेयर शंभू पासवान, देहरादून मेयर सौरव थपलियाल, भाजपा वरिष्ठ नेता रामेश्वर लोधी, पूर्व ब्लाक प्रमुख नगीना रानी,राज्यमंत्री सुभाष बर्थवाल,सुरेंद्र मोघा,नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व जिला मंत्री मनीष नैथानी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सरिता जोशी,तिरंगा यात्रा सहसंयोजक उषा कोठारी, संजीव लोधी, पंकज शर्मा, जितेंद्र नेगी,केतन गुप्ता, सभासद ईश्वर रोथान, सभासद रियासत अली, मनीष छेत्री, मंडल महामंत्री मनमोहन नौटियाल, पूनम तोमर,कृष्णा तड़ियाल, हौसला पवार, माया अधिकारी, संतोषी बहुगुणा, प्रशांत खारोला, रश्मि देवी, चंद्रभान पाल, रवि सुमेरचंद, संजीव लोधी, विनय कंडवाल, अवतार सिंह, गोवर्धन, मनमोहन नौटियाल, कैलाश जोशी, धनवीर नेगी, बलबीर सिंह बिष्ट, संपूर्ण रावत, अनीता गुरुंग, रीना छेत्री, रक्षा देवी, सुरेश सैनी आदि।

# दूरदर्शन केंद्र देहरादून ने सांस्कृतिक संध्या के साथ मनाया अपना 25वां स्थापना दिवस

देहरादून। उत्तराखण्ड की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और दूरदर्शन की गौरवमयी परम्परा के अद्भुत संगम के रूप में, दूरदर्शन केंद्र, देहरादून ने बीते मंगलवार को अपनी रजत जयंती, 25वाँ स्थापना दिवस संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह सभागार, देहरादून में भव्य सांस्कृतिक संध्या – "कलादर्शनम" के रूप में आयोजित किया। इस अवसर पर दूरदर्शन परिवार के सदस्य, सम्मानित दर्शक, विशिष्ट गणमान्य अतिथि तथा आमंत्रित कलाकारों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों, कलाकारों एवं विशिष्ट व्यक्तियों, जिनमें पद्मश्री सम्मानित डॉ. माधुरी बड़थ्वाल, डॉ. बसंती बिष्ट, डॉ. बी.के.एस संजय, श्री कल्याण सिंह रावत "मैती", डॉ. प्रीतम भारतवाण भी सम्मिलित थे, के औपचारिक स्वागत से हुई। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन के साथ सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ किया गया।

विद्या की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती के आशीर्वाद हेतु सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। इसके पश्चात प्रसार भारती के क्लस्टर हेड, उपमहानिदेशक (अभियांत्रिकी) श्री सुरेश कुमार मीणा ने अपने स्वागत संबोधन में दूरदर्शन केंद्र, देहरादून की यात्रा, उपलब्धियों एवं दर्शकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

संगीत की शास्त्रीय धारा में डुबोते हुए आकाशवाणी के टॉप ग्रेड कलाकार पंडित रोबिन करमाकर ने राग देस में मनमोहक सितार वादन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात आकाशवाणी के बी हाई ग्रेड कलाकार सनव्वर अली खान और शाहरुख खान ने ग़ज़ल गायन से वातावरण को सुरमयी बना दिया।




लोकसंस्कृति की विविध छटाएँ बिखेरते हुए राहुल वर्मा एवं समूह ने जौनसारी लोक नृत्य, योगंबर पोली एवं समूह ने गढ़वाली लोक नृत्य तथा मनोज सामंत एवं सहयोगी कलाकारों ने कुमाऊँनी लोक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में भाग लेने वाले कलाकारों को प्रशस्ति–पत्र एवं स्मृति चिह्न प्रदान किए गए। अंत में कार्यक्रम प्रमुख, सहायक निदेशक (कार्यक्रम) श्री अनिल कुमार भारती ने उपस्थित सभी जनों के प्रति औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

दूरदर्शन केंद्र, देहरादून की यह "सांस्कृतिक संध्या" न केवल उत्तर-खण्ड की लोक–परम्पराओं और संगीत–साहित्य की धारा को पुनर्जीवित करने का प्रयास थी, बल्कि यह दूरदर्शन की उस विरासत का भी उत्सव था, जो पिछले 25 वर्षों से दर्शकों तक सत्य, संस्कृति और सरसता का संदेश पहुँचाती आ रही है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469 / 79
फोन / फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com